26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 30 जून, 2026
अंक- 246 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16


# चढ़ावा चोरी : चंपत राय, अनिल और गोपाल राव भी मिले दोषी

## कमीशन और जमीन खरीद-फरोख्त की तफ्तीश जारी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर प्रकरण में एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक जांच में किसी को भी क्लीनचिट नहीं दी है। लापरवाही, मंदिर प्रबंधन और निगरानी तंत्र फेल होने के सुबूतों के आधार पर कई पदाधिकारियों को दोषी पाया है। इसमें चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव का नाम भी शामिल है। वहीं लगे कमीशन और जमीन की खरीद-फरोख्त में गड़बड़ी के आरोपों की जांच फिलहाल जारी है। विस्तृत जांच पूरी होने के बाद सभी की भूमिका पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी। उसी तरह की कार्रवाई होगी। एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 23 जून को शासन को सौंपी थी, जिसमें कई सिफारिशें की गई थीं। इनमें एफआईआर की सिफारिश भी शामिल थी, जिसका संज्ञान लेकर केस दर्ज कराया गया था। सूत्रों के मुताबिक एसआईटी ने प्रारंभिक रिपोर्ट में ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों चंपत राय, अनिल मिश्रा के अलावा निर्माण सहायक गोपाल राव की भूमिका के बारे में भी तथ्य दिए हैं। इसमें स्पष्ट किया गया है कि मंदिर प्रबंधन से जुड़े किसी भी पदाधिकारी, कर्मचारी आदि को क्लीनचिट नहीं दी गई है। वहीं जिस तरह से गणना के दौरान करोड़ों का चढ़ावा चोरी हुआ, वह प्रबंधन की नाकामी है। इसलिए इसके जिम्मेदार इन पदाधिकारियों को दोषी पाया गया है।

## यूपी में सस्ती हुई बिजली

उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को जुलाई में बड़ी राहत मिलेगी। इस माह बिजली 4.43 प्रतिशत सस्ती हो जाएगी। इतनी सस्ती बिजली करीब 15 माह बाद मिल रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल)ने यह घोषणा की है। यह घोषणा उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के आदेश पर हुई। ईंधन एवं बिजली खरीद लागत समायोजन (एफपीपीसीए) के तहत जुलाई माह की लागत समायोजन दर जारी हुई है। यह अप्रैल 2026 की लागत पर आधारित है। उपभोक्ताओं को 4.43 प्रतिशत की राहत मिलेगी। यह पिछले 15 माह का सबसे बड़ा एफपीपीसीए लाभ हैं। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक सबसे अधिक 2.42 प्रतिशत की कमी हुई थी। यह अब तक की सबसे बड़ी कमी है।


KUNWAR SATYAVIRA
COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
27 years of Excellence
• Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN
FOR SESSION 2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH. (BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles
M.B.A. (FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations

PRANAV MALIK
B.TECH (CSE)
Batch 2022-2026
PLACED IN tcs TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in



प्लॉट बिकाऊ
एक प्लॉट 35X62 डॉ. नीरज चौधरी के बराबर में गीता नगरी बिजनौर में बिकाऊ है। केवल वास्तविक खरीदार ही संपर्क करें- मो. 9999505900, 9760108964




आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश



DR. GEET
Dental Surgeon & Implantologist
Ex. Resident Sarvodaya Hospital, Gaur City Greater Noida
आज ही अपॉइंटमेंट बुक करें और अपनी मुस्कान को स्वस्थ बनाएं!

हमारी सेवाएं :-
दांतों की जांच एवं परामर्श
दांतों की सफाई (स्केलिंग)
कैविटी (कीड़ा) का इलाज एवं फिलिंग
रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT)
दांत निकालना (Extraction)
कृत्रिम दांत (Dentures)
दांतों की कैप एवं ब्रिज
बच्चों के दांतों का उपचार
टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज (Braces)
दांतों की चमक बढ़ाने का उपचार (Teeth Whitening)
समय
प्रातः 9:30 से दोपहर 2:00 बजे तक
सायं 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक
सोमवार : सायं 5 बजे से 8 बजे तक
!! FREE OPD !!
पता : श्री गोपाल हॉस्पिटल, निकट स्वंयवर बैंकट हॉल, बिजनौर
Mob : +91-8439515803, 01342-263163



बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE

इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती

डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री सांई अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# सरकारी स्कूल में खड़ा पिलखन का पेड़ काटा, दर्जनों पक्षियों की मौत



कटे पेड़ की टहनी हटाते दो व्यक्ति

**स्योहारा (चिंगारी)।** ग्राम मंडोरी के सरकारी स्कूल में कई वर्षों से खड़ा पिलखन का पेड़ छटाई करने के नाम पर काट दिया गया, जिसमें दर्जनों पक्षियों की मौत हो गयी। पास ही लाइट का खंभा भी टूट गया।

मंगलवार की सुबह गांव के स्कूल में खड़ा पिलखन का पेड़ छटाई करने के नाम पर काट दिया गया । ग्रामीण जागरूकता के चलते पेड़ को जड़ से काटने में विफल रहे। चिंगारी संवाददाता द्वारा वन विभाग को सूचना दी गयी। वन विभाग ने ततपरता दिखाई और समय रहते टीम पहुंची, साथ ही डायल 112 पुलिस भी मौके पहुंची। जिसे देख पेड़ काटने वाला मौके से कटाई के उपकरण लेकर भाग गया। ग्राम प्रधान भी सूचना मिलने पर पहुंचे, ग्रामीणों का कहना है कि इस पिलखन के पेड़ पर वर्षों से सैंकड़ों पक्षी निवास करते थे। शाम को पक्षियों का चहचहाना खुशनुमा माहौल बनाता था, लेकिन पेड़ को काटकर परिंदों का आशियाना उजाड़ दिया ।

गांव निवासी पीयूष चौहान ने कहा कि पेड़ काटने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाए, जिससे कोई भी पेड़ों को न काट सके। पेड़ पर्यावरण को संतुलित करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जो कोई भी इस पेड़ को काटने में सामिल हो उन सभी पर मुकदमे दर्ज हों।

## मुक़दमा दर्ज होगा

वन विभाग के डिप्टी रेंजर विजय भारत ने बताया कि स्कूल की प्रधानाध्यापिका व एक सफाईकर्मी का नाम सामने आया है। परिंदों की मौत हुई है जो दुखद है। मामले में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। साथ ही उक्त पेड़ की देखभाल कर पुन: हरा-भरा किया जाएगा।



पेड़ कटने से मरे पड़े पक्षी ।

# मंत्री जी! स्योहारा में केवल 10 घंटे विद्युत आपूर्ति

### चेयरमैन फ़ैसल वारसी ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र



**स्योहारा (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद चेयरमैन फैसल वारसी ने ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा को भेजे पत्र में बताया कि नगर स्योहारा में हल्की हवा एवं बारिश के कारण कई-कई घंटों के लिये विद्युत आपूर्ति बाधित होना एवं नगर में स्थापित बिजलीघर में खराबी होना आम बात हो गई है। केबिल अक्सर खराब हो जाते हैं या जल जाते हैं। नगर में आधुनिक बिजलीघर की स्थापना होना कई वर्षों पूर्व से प्रस्तावित है किंतु आधुनिक बिजलीघर की स्थापना नहीं हुई है। प्रदेश के अन्य शहरों में कम से कम 18 घंटे विद्युत आपूर्ति होती है, लेकिन स्योहारा में दस घंटे भी विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाती, इस भीषण गर्मी में नगरवासियों का बुरा हाल है और रहना दुश्वार हो गया है। नगर स्योहारा की चरमराई विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त कराये जाने की मांग चेयरमैन फैसल वारसी ने की है।

## मनीष को खून देकर मस्जिद के इमाम ने पेश की इंसानियत की मिसाल



**स्योहारा (स्योहारा)।** पयामे इंसानियत फोरम के जिम्मेदार मौलाना अरशद हक्की के नेतृत्व में मिरसियान मस्जिद के इमाम कारी माजिद चौधरी ने पत्रकार ओमपाल प्रजापति के पुत्र मनीष के लिए खून देकर इंसानियत की मिसाल पेश की। यह सिर्फ रक्तदान नहीं, बल्कि इंसानियत, गंगा-जमुनी तहज़ीब और हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की एक प्रेरणादायक मिसाल है। ऐसे नेक कार्य समाज को जोड़ते हैं और यह संदेश देते हैं कि मुसीबत के समय इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है। कारी माजिद चौधरी और पयामे इंसानियत फोरम का यह कदम वास्तव में सराहनीय है। रक्तदान महादान है, आइए हम भी इस नेक कार्य के लिए आगे आएं।

## कासगंज में विमान क्रैश : हाईवे के पास गिरा ट्रेनी एयरक्राफ्ट, महिला पायलट घायल

**कासगंज (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक ट्रेनी एयरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान उड़ा रही महिला प्रशिक्षु पायलट घायल हो गई, उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रैफर किया गया है। हादसे के बाद प्रशासन और संबंधित एजेंसियां दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट गई हैं। बता दें कि कासगंज में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब प्रशिक्षण उड़ान पर निकला एक ट्रेनी एयरक्राफ्ट पुलिस लाइन के पीछे सिक्स-लेन हाईवे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के जमीन पर गिरते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। हादसे में विमान उड़ा रही महिला प्रशिक्षु पायलट घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और सूचना मिलते ही पुलिस तथा प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। घायल पायलट को प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए आगरा रैफर किया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर एयरक्राफ्ट के मलबे को सुरक्षित कराया, ताकि जांच प्रक्रिया प्रभावित न हो।


बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

पराग्वे में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए जर्मनी को किया विश्व कप से बाहर ( पेज 16 )



# अब बारी है बांके बिहारी की- योगी आदित्यनाथ

## अखिलेश जी! आपकी सरकार ने तो रामभक्तों पर गोली चलाई थी

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुरादाबाद के उदीषा महोत्सव मैदान में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान 365 करोड़ से अधिक लागत की 63 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए मुरादाबाद नगर, मुरादाबाद देहात, कुंदरकी विधानसभा क्षेत्रों, नगर निगम और मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की इन योजनाओं को जनता को समर्पित किया। सीएम योगी ने यह कदम मुरादाबाद के विकास को रफ्तार देने और व्यापारी कल्याण दिवस पर व्यापारियों व लाभार्थियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से उठाया।



सीएम योगी ने कहा- अखिलेश जी, आपकी सरकार ने तो इन राम भक्तों पर गोलियां चलाई थीं, आज की अयोध्या फिर से त्रेता युग का स्मरण करा रही है। अब बारी है बांके बिहारी की, कृष्ण कन्हैया की। तुष्टीकरण से उबरिये! वोट बैंक से उभरिए, खुल करके बोलिए, मथुरा-वृंदावन के बारे में,श्रीकृष्ण जन्मभूमि के बारे में बोलिए। मथुरा-वृंदावन का तो हम कार्य कर लेंगे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के बारे में बोलिए, तब हम सच मानेंगे, नहीं तो आपका झूठ,ये धूल झोंकने की राजनीतिक चाल पर जनता विश्वास करने वाली नहीं है। क्योंकि जनता को मालूम है कि अब समाजवादी पार्टी की साइकिल पंचर हो चुकी है, उसकी गति अब समाप्त हो चुकी है। अब उसकी चलने की सामर्थ्य समाप्त, खेल खत्म। अब जब खेल खत्म तो फिर आगे की कोई संभावना नहीं। संभावना नहीं तो आगे के बारे में स्वयं सोच रहे होंगे कि कुछ नहीं तो राम नाम का ही सहारा सही और राम नाम का सहारा लेंगे, तो इस जन्म में नहीं तो अगले जन्म में ही कल्याण हो जाएगा। बहुत सारे लोग हैं जो अपने कल्याण के लिए कुछ न कुछ करते हैं, और इसलिए हम किसी धोखे में न रहें। इस दौरान सपा-बसपा को परिवारवादी बताते हुए सीएम योगी ने कहा कि पहले सरकारी पैसा कब्रिस्तान बनाने के लिए जाता था, लेकिन अब वही पैसा मंदिर और विकास कार्यों के लिये जाता है। उन्होंने सपा सरकार द्वारा राम मंदिर पर गोलियां चलवाने का जिक्र करते हुए कहा कि अब अयोध्या त्रेतायुग जैसी हो गई है और अब बारी मथुरा के बांके बिहारी की है। सीएम योगी ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का नाम लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले मुख्यमंत्री को फुर्सत नहीं थी, वे 1 बजे सोकर उठते थे, 3 बजे तैयार होते थे और 5 बजे मित्रों के साथ बैठ जाते थे। तब सूबे में न बिजली थी और न रोजगार। उन्होंने कानून-व्यवस्था पर तंज कसते हुए कहा कि पहले एक कहावत चल पड़ी थी- देख सपाई और बिटिया घबराई।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री भूपेन्द्र चौधरी, अनिल कुमार, गुलाब देवी व बलदेव सिंह औलख, सदर विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त और हरिसिंह ढिल्लो, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. शैफाली सिंह सहित मंडल के अनेक जनप्रतिनिधि, मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुनिराज सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद मंडल में विकास एवं राजस्व कार्यों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा भी की।

## अलकनंदा नदी में गिरे डंपर और उसमें सवार युवकों का अभी कोई सुराग नहीं लगा

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के कर्णप्रयाग के समीप अलकनंदा नदी में गत शनिवार दोपहर हुए दर्दनाक हादसे के बाद लापता हुए डंपर और उसमें सवार तीन लोगों का चौथे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका है। अफजलगढ़ क्षेत्र के दो युवकों सहित चालक की तलाश में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, होमगार्ड तथा स्थानीय प्रशासन की टीमें लगातार अभियान चला रही हैं। तेज बहाव, गहरी नदी और दुर्गम क्षेत्र के कारण बचाव कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



जानकारी के अनुसार डंपर संख्या यूके11सीए-2536 कर्णप्रयाग से गौचर की ओर जा रहा था। पंच पुलिया से कुछ आगे पहुंचने पर अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सैकड़ों फीट गहरी अलकनंदा नदी में जा गिरा। हादसे के समय डंपर में चालक गिरीश सिंह के अलावा अफजलगढ़ निवासी मो. अदनान और मो. उमेर सवार थे, जो मैकेनिक के रूप में कार्य करते थे। दुर्घटना के बाद से तीनों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है।

मामले में डंपर स्वामी रघुवीर सिंह की ओर से कोतवाली कर्णप्रयाग में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं दुर्घटना के बाद से राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। नदी के तेज बहाव और गहराई को देखते हुए प्रशासन ने खोज अभियान को और व्यापक कर दिया है। मंगलवार को विशेष जल खोज दल (स्पेशल वाटर सर्च टीम) को भी अभियान में शामिल किया गया, जो आधुनिक उपकरणों की मदद से नदी के विभिन्न हिस्सों में तलाश कर रहा है। उधर, लापता युवकों के परिवारों की चिंता हर गुजरते पल के साथ बढ़ती जा रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सदस्य लगातार घटनास्थल पर डटे हुए हैं। गांव और क्षेत्र के लोग भी इस हादसे से बेहद दुखी हैं तथा सभी की नजरें अभियान पर टिकी हुई हैं।



**भली लगे या बुरी ...**

## बंजर होती ज़मीन

धरती के लिए सर्वाधिक जानलेवा खनन-उद्योग रहा है। पिछले 30 वर्षों में खनिज उत्पादन 50 गुना बढ़ा लेकिन यह लाखों हेक्टेयर जंगल और खेतों को वीरान बना गया है। नई खदान मिलने पर पहले वहां के जंगल साफ होते हैं। खदान में कार्यरत श्रमिकों की दैनिक जलावन की जरूरत पूर्ति हेतु आसपास की हरियाली होम होती है। फिर खुदाई की प्रक्रिया में जमीन पर गहरी खदानें बनाई जाती हैं, जिनमें बारिश के दिनों में पानी भर जाता है। खदानों से निकली धूल-रेत और अयस्क मिश्रण दूर-दूर तक की जमीन की उर्वरा शक्ति हजम कर जाते हैं। खदानों के गैर नियोजित अंधाधुंध उपयोग के कारण जमीन के क्षारीय होने की समस्या भी बढ़ी है। ऐसी जमीन पर कुछ भी उगाना नामुमकिन होता है। हरित क्रांति के नाम पर जिन रासायनिक खादों द्वारा अधिक अनाज पैदा करने का नारा दिया जाता है, वे भी जमीन की कोख उजाड़ने की जिम्मेदार हैं। रासायनिक खादों के अंधाधुंध इस्तेमाल से पहले कुछ साल तो दुगनी-तिगुनी पैदावार मिलती है, उसके बाद भूमि बंजर होने लगती है। यही नहीं, सिंचाई के लिए बनाई गई कई नहरों और बांधों के आसपास जल रिसने से भी दलदल बन रहे हैं। जमीन को नष्ट करने में समाज का लगभग हर वर्ग और तबका लगा हुआ है। वहीं इसके सुधार का जिम्मा मात्र सरकारी कंधों पर है। वर्ष 1985 के स्थापित राष्ट्रीय बंजर भूमि विकास बोर्ड ने बंजर भूमि पर वनीकरण और वृक्षारोपण का कार्य शुरू किया था। आंकड़ों के मुताबिक इस योजना के तहत एक करोड़ 17 लाख 15 हजार हेक्टेयर भूमि को हरा-भरा किया गया, लेकिन इन आंकड़ों का खोखलापन सेटेलाइट द्वारा खींचे गए चित्रों से उजागर हो चुका है। कुछ साल पहले बंजर भूमि विकास विभाग द्वारा बंजर भूमि विकास कार्य बल के गठन का भी प्रस्ताव था। कहा गया कि रेगिस्तानी, पर्वतीय, घाटियों व खानों आदि की दुर्गम भूमि की गैर वनीय बंजर भूमि को स्थाई उपयोग के लायक बनाने के लिए एक कार्य-बल काम करेगा, लेकिन यह सब कागजों से आगे नहीं बढ़ पाया।

# उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बन रहा है

# आत्मनिर्भर भारत की रक्षा शक्ति

भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्थापित उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) आज देश की सबसे महत्वाकांक्षी औद्योगिक परियोजनाओं में से एक बन चुका है। यह परियोजना न केवल रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक रक्षा विनिर्माण मानचित्र पर एक नई पहचान भी दिला रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार इस परियोजना को गति प्रदान कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य में निवेश, रोजगार और तकनीकी नवाचार के नये अवसर सृजित हो रहे हैं।

उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को 06 प्रमुख नोड्स- झांसी, चित्रकूट, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़ और आगरा में विकसित किया जा रहा है। इन सभी केंद्रों का चयन उनकी रणनीतिक स्थिति, बेहतर सड़क संपर्क और एक्सप्रेस-वे नेटवर्क से जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में उद्योगों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं जैसे उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति, जल व्यवस्था, सड़क नेटवर्क और अंतिम-मील कनेक्टिविटी विकसित की जा रही है। इससे निवेशकों को उद्योग स्थापित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्राप्त हो रहा है। डिफेन्स कॉरिडोर की सबसे बड़ी विशेषता इसका व्यापक औद्योगिक एवं तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र है।



परियोजना के अंतर्गत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर तथा आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी को उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। ये संस्थान रक्षा अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही कौशल विकास संस्थानों के सहयोग से युवाओं को रक्षा विनिर्माण से संबंधित आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। वित्तीय संस्थानों और बैंकिंग भागीदारों के साथ समन्वय स्थापित कर निवेशकों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है।

प्रदेश में रक्षा उद्योगों के विकास के लिए अब तक लगभग 2047.87 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। यह भूमि रक्षा उत्पादन इकाइयों, अनुसंधान केंद्रों और सहायक उद्योगों की स्थापना के लिए उपयोग में लाई जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत अब तक 202 रक्षा उद्योगों की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इन एमओयू के माध्यम से लगभग 35,370.59 करोड़ रुपये के निवेश और लगभग 54,063 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है।




डिफेन्स कॉरिडोर में उद्योग स्थापना की दिशा में तेजी से प्रगति हुई है। 177 रक्षा उद्योग की स्थापना हेतु एम.ओ.यू. में से अब तक 62 उद्योगों को कुल 1078.38 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जा चुकी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 12,294.45 करोड़ रुपये का निवेश और 14,108 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। आज वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में निवेशकों का पसंदीदा स्थल बनता जा रहा है।



रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी विभिन्न परियोजनाओं ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्तमान में डीआरडीओ, ब्रह्मोस एयरोस्पेस, अडानी डिफेन्स सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज सहित कुल आठ संस्थाओं द्वारा रक्षा उपकरणों का उत्पादन प्रारंभ किया जा चुका है। इन इकाइयों के संचालन से प्रदेश में उच्च तकनीक आधारित विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नये अवसर सृजित हो रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में पहले से ही हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), एवीआईएल तथा अन्य रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों की मजबूत उपस्थिति है। इन संस्थानों की मौजूदगी से रक्षा उद्योगों को आपूर्ति श्रृंखला, तकनीकी सहयोग और अनुसंधान सहायता प्राप्त हो रही है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश रक्षा उत्पादन के लिए एक सशक्त और विश्वसनीय औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का एक महत्वपूर्ण पहलू बुंदेलखंड क्षेत्र का विकास भी है। झांसी और चित्रकूट जैसे जिलों में उद्योगों की स्थापना से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है तथा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त हो रही है। लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहे बुंदेलखंड में यह परियोजना औद्योगिक क्रांति का आधार बन रही है। आज जब भारत रक्षा क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करने और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर इस लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। निवेश, नवाचार, कौशल विकास और आधुनिक आधारभूत संरचना के समन्वय से यह परियोजना न केवल उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति को नई दिशा दे रही है, बल्कि भारत को वैश्विक रक्षा उत्पादन केंद्र बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को भी मजबूती प्रदान कर रही है। आने वाले वर्षों में यह कॉरिडोर आत्मनिर्भर भारत की रक्षा शक्ति का एक सशक्त प्रतीक बनकर उभरेगा।

**“ डिफेन्स कॉरिडोर में उद्योग स्थापना की दिशा में तेजी से प्रगति हुई है। 177 रक्षा उद्योग की स्थापना हेतु एम.ओ.यू. में से अब तक 62 उद्योगों को कुल 1078.38 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जा चुकी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 12,294.45 करोड़ रुपये का निवेश और 14,108 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है।**



# चरक ऋषि की तपोभूमि, जहां हिमालय की वादियों में जन्म लेती हैं औषधियां

## बिजनौर से नजीबाबाद, कोटद्वार होते हुए चरक ऋषि की तपोभूमि तक सफ़र

यात्रा का आनंद तभी पूर्ण होता है, जब यात्रा केवल प्रकृति तक सीमित न रहकर इतिहास, अध्यात्म और लोकमान्यताओं से भी जुड़ जाए। ऐसी ही एक अविस्मरणीय यात्रा रही बिजनौर से नजीबाबाद, कोटद्वार होते हुए पौड़ी गढ़वाल स्थित चरक ऋषि की तपोभूमि तक। सुबह सवेरे दिन निकलते ही बिजनौर से प्रस्थान किया नजीबाबाद की ऐतिहासिक धरती को पार करते हुए जैसे ही कोटद्वार पहुंचे तो लगा मानो मैदानों से पहाड़ों की दुनिया में प्रवेश कर चुके हैं। कोटद्वार से आगे बढ़ते ही घुमावदार सड़कें चीड़ के जंगल शीतल ठंडी हवाएं और दूर-दूर तक फैली पर्वत श्रृंखलाएं यात्रा को रोमांचक बना देती हैं।

कहा जाता है कि यह क्षेत्र महान आयुर्वेदाचार्य ऋषि चरक की तपस्थली रहा है। लोकमान्यताओं के अनुसार ऋषि चरक ने हिमालय की वादियों में रहकर औषधीय वनस्पतियों का अध्ययन किया और मानव कल्याण के लिए आयुर्वेद का अमूल्य ज्ञान संकलित किया। आज भी इस क्षेत्र में अनेक दुर्लभ जड़ी-बूटियां और औषधीय पौधे पाए जाते हैं, जो हिमालयी वनस्पति संपदा की समृद्ध परंपरा का परिचय देते हैं।

तपोभूमि पहुंचकर चारों ओर फैली हरियाली, पर्वतीय निस्तब्धता और शुद्ध वातावरण मन को एक अलग ही शांति का अनुभव कराते हैं। यहां की हवा में जैसे प्रकृति और अध्यात्म का अद्भुत संगम महसूस होता है। ऊंचे वृक्षों के बीच से आती ठंडी बयार और पक्षियों का मधुर स्वर वातावरण को और भी अलौकिक बना देता है।

चरक ऋषि की इस भूमि पर खड़े होकर सहज ही विचार आता है कि हजारों वर्ष पूर्व ऋषि-मुनियों ने इन्हीं पहाड़ों, वनों और औषधीय, वनस्पतियों के बीच रहकर मानवता के लिए ज्ञान का भंडार तैयार किया होगा। यह स्थान केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि भारतीय आयुर्वेदिक परंपरा और ऋषि संस्कृति की जीवंत धरोहर प्रतीत होता है।

सूर्यास्त से कुछ ही समय पहले पहाड़ों पर सुनहरी किरणें बिखरने लगी हैं। ऐसा लग रहा है जैसे यह यात्रा केवल एक गंतव्य तक पहुंचने की नहीं, बल्कि अपनी जड़ों, प्रकृति और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ने की यात्रा थी। चरक ऋषि की तपोभूमि हिमालयी जड़ी-बूटियों का खजाना मानी जाती है। यहां की वनस्पतियों में आयुर्वेद की प्राचीन परंपरा की झलक दिखाई देती है, जो इस स्थान को प्राकृतिक और औषधीय दृष्टि से विशेष बनाती है।

**-तैयब अली**
**स्वतंत्र लेखक बिजनौर**

# पीपलेश्वर महादेव मंदिर में भक्तिमय वातावरण में हुई मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा



पीपलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित पूजा-अर्चना कार्यक्रम में हिस्सा लेते श्रद्धालु।

**नगीना ( चिंगारी )**। श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में बद्रीनाथ से आए पुजारी पंडित आचार्य पंकज देवरानी ने भगवान की मूर्तियों का शाही जलास्नान, चरणामृत स्नान,अन्न स्नान,फल स्नान,पुष्प स्नान व घृत स्नान के बाद पंचामृत से जलाभिषेक किया गया। तत्पश्चात सर्वप्रथम शिवलिंग के पास शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। शिव परिवार की बड़ी मूर्तियों, राधा-कृष्ण व बजरंग बली हनुमान जी तथा मां दुर्गा की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। पुजारी ने यजमान अनूप गुप्ता, शालिनी गुप्ता, मुकेश त्यागी, सुधा त्यागी, विकुल व मीनू, मनीष शर्मा व मीनाक्षी कौशिक, बिजनौर से आए भारत भूषण मित्तल व सरिता मित्तल, सुयश जैन, राजेश गोयल व सुमन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल व शालिनी अग्रवाल, संजय अग्रवाल व निधि अग्रवाल, तृप्ति शर्मा, दीपांशु शर्मा, गौरव अग्रवाल व कीर्ति अग्रवाल, अनुकूल अग्रवाल व शालिनी अग्रवाल के साथ विशेष पूजा-अर्चना कराई। कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, मोहित ठाकुर, युवराज सिंह, राजेंद्र चौहान, राकेश त्यागी,उमेश त्यागी, राकेश अग्रवाल एड., सुरेंद्र अग्रवाल, अमित अग्रवाल, नरेंद्र सचदेवा आदि मौजूद रहे।

# युवती की मौत के बाद पुलिस ने तिसोतरा गांव में डेरा डाला

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। थाना कोतवाली शहर में खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने वाली युवती की मौत के बाद बिजनौर एवं नांगल पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम तिसोतरा में भी एक घर में बीती रात्रि से डेरा डाल रखा है। उक्त घर में मुख्य आरोपी की भाभी का मायका है। आग लगाने वाली युवती ने ग्राम स्वाहेड़ी (थाना कोतवाली शहर बिजनौर) निवासी जिस युवक सौरभ पर शादी का झांसा देकर यौन सम्बन्ध बनाने और बाद में शादी से मुकर जाने का आरोप लगाया था, उसके बड़े भाई गौरव की पत्नी बीनू का मायका नांगल थानांतर्गत ग्राम तिसोतरा में है। कल सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली में उपचार के दौरान युवती की मृत्यु हो जाने पर पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये जमीन-आसमान एक कर दिया है। बीनू कहीं अपने मायके आई हो या मायके वालों के संपर्क में हो, इस संभावना के चलते शहर कोतवाली पुलिस और नांगल पुलिस ने रात्रि से बीनू के मायके में डेरा डाल रखा है। मायके वालों के मोबाइल फोन भी सर्विलांस पर लगाये हैं। बीनू के मायके में केवल उसकी मां तथा छोटी बहिन रहते हैं। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है। मायके वालों का कहना है कि बीनू यहां पर नहीं आई है और न ही उनके संपर्क में है।

**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।

कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS Excel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8077377404



# धामी-भट्ट ने दिया चुनावी फार्मूला, घर-घर तक पहुंचेगी भाजपा

**देहरादून (चिंगारी)।** उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव-2027 भले ही अभी दूर हों, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी तैयारियों की शुरुआत कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने संगठन के जमीनी कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति का केंद्र बनाते हुए गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर सरकार की योजनाओं और संगठन की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

भाजपा नेतृत्व का मानना है कि पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने हर चुनाव में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किया है। मुख्यमंत्री धामी ने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ लोगों की समस्याएं सुनने और उनका फीडबैक लेने का आग्रह किया।




उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने और जनसेवा के संकल्प पर आधारित है।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर किसी भी प्रकार की ढिलाई के पक्ष में नहीं है। पार्टी का पूरा फोकस बूथ सशक्तिकरण, पन्ना प्रमुखों की सक्रियता और प्रत्येक गांव तक संगठन के विस्तार पर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सरकार की योजनाओं का फीडबैक लेने और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा 2027 का चुनाव केवल सरकार के विकास कार्यों के आधार पर नहीं, बल्कि अपने मजबूत संगठनात्मक ढांचे और सक्रिय कार्यकर्ता नेटवर्क के दम पर लड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। ऐसे समय में जब विपक्षी दल अभी नेतृत्व और टिकट वितरण जैसे मुद्दों में उलझे नजर आ रहे हैं, भाजपा ने बूथ स्तर तक अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

भाजपा का संदेश स्पष्ट है कि 'कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं और जनता से निरंतर संवाद ही चुनावी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।' मुख्यमंत्री धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का यह अभियान संकेत देता है कि पार्टी 2027 के चुनाव में एक बार फिर मजबूत संगठन और जमीनी कार्यकर्ताओं के भरोसे मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है।

## टिकट के लिए योग्य और समर्पित कार्यकर्ता को प्राथमिकता : भट्ट

**देहरादून (चिंगारी)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा में योग्य और पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओ को ही टिकट मे सर्वोच्च प्राथमिकता मिलती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा टिकट या किसी भी प्रकार की दावेदारी को लेकर सार्वजनिक मंचों अथवा सोशल मीडिया पर बयानबाज़ी पार्टी की अनुशासन व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। यदि किसी कार्यकर्ता की कोई इच्छा, दावेदारी या सुझाव है, तो वह उसे संगठन के समक्ष आंतरिक रूप से उचित फोरम और समय पर रख सकता है। भट्ट ने कहा कि लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में चुनावी महत्वाकांक्षा स्वाभाविक है, लेकिन उसके प्रकटीकरण का समय और प्रक्रिया पार्टी में निर्धारित है। जिसका पालन करना सबके लिए अत्यावश्यक है, अन्यथा उससे अलग प्रक्रिया को अनुशासनहीनता के दायरे में माना जाएगा। उन्होंने कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया में जाने अनजाने पार्टी नेताओं की तरफ से आगामी विधानसभा चुनावों के लिए दावेदारी की खबरों को लेकर राज्य से लेकर केंद्रीय नेतृत्व तक में बेहद नाराज़गी है। भट्ट ने नसीहत देते हुए कहा कि भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचारों और सिद्धांतों पर निरंतर गतिमान दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। इस उपलब्धि के पीछे अहम वजह राष्ट्र प्रथम, संगठन द्वितीय और व्यक्ति अंतिम की हमारी सर्वस्य समर्पण की सोच है। उन्होंने अपेक्षा करते हुए नसीहत दी कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर संगठन की मर्यादा और अनुशासन को सर्वोच्च रखें। साथ ही चेताया कि पार्टी अनुशासन के विरुद्ध जाने वालों के खिलाफ संगठन कड़ी कार्वाई करने से भी पीछे नहीं हटेगा।




## पुरानी पेंशन बहाल करने के साथ, टीईटी की अनिवार्यता समाप्ति की मांग

**कोटद्वार (चिंगारी)।** पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन से जुड़े शिक्षकों और विभागीय कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाल करने व टी ई टी की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की है। कहा कि इस आंदोलन को अंतिम रूप देने का समय आ चुका है। इस संबंध में जिलाध्यक्ष अनूप जदली के नेतृत्व में राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा एन पी एस, यू पी एस और टीईटी जैसे कानून देश के कार्मिकों पर जबरन थोप रही है जिसका पूरे देश में व्यापक विरोध हो रहा है उन्होंने कहा कि अब इस आंदोलन को अंतिम रूप देने का निर्णायक समय आ चुका है, अब पूरे प्रदेश के कार्मिक ब्लॉक, तहसील, जिला से लेकर प्रांतीय स्तर तक उग्र आंदोलन कर इन काले कानूनों का विरोध करेंगे। जिलाध्यक्ष अनूप जदली ने कहा कि राष्ट्रीय व प्रांतीय स्तर से जो भी कार्यक्रम दिए जाएंगे उन्हें पूरी तरह से जिले में सफल बनाया जाएगा। इसके अलावा जिले में ब्लॉक व तहसील स्तर पर भी एनपीएस, यूपीएस और टीईटी जैसे काले कानूनों के विरोध में कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने सभी विभागीय संगठनों से भी अपील कि वे भी अपने कार्मिकों के सुरक्षित भविष्य हेतु इन कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करें। बैठक में पुरानी पेंशन आंदोलन के जिला संरक्षक मनमोहन चौहान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय बिष्ट, अनिल कोटनाला, उद्यान विभाग से गोपीचंद्र विधूड़ी, वन विभाग के मंडलीय अध्यक्ष शेखर जोशी, अशोक घिल्डियाल, मनमोहन बिष्ट, आकाश कुमार, देवेंद्र सिंह नेगी, राजेश कुकरेती और मनमोहन रौतेला सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस के प्रस्तावित परिवर्तन संकल्प सम्मेलन स्थगित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जिला कांग्रेस कमेटी, कोटद्वार द्वारा 1 एवं 2 जुलाई 2026 को यमकेश्वर एवं लैंसडौन विधान सभा में प्रस्तावित परिवर्तन संकल्प सम्मेलनों को मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए तथा संगठनात्मक तैयारियों को अधिक सुदृढ़ स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकास नेगी ने जानकारी देते हुए कहा कि सम्मेलनों की नई तिथि एवं संशोधित कार्यक्रम की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। मौके पर उन्होंने सभी ब्लॉक अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों, कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे इस निर्णय की जानकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचाना सुनिश्चित करें।

## 10 जुलाई तक बंद रखे जायें कक्षा 8 तक के स्कूल : मारवाड़ी

**हल्दौर (चिंगारी)।** नगर के सामाजिक कार्यकर्ता शादीलाल मारवाड़ी ने भीषण गर्मी, तपती धूप व भारी उमस को देखते हुए प्रदेश सरकार व जिलाधिकारी बिजनौर से कक्षा आठ तक के बच्चों के स्कूल 11 जुलाई से खोले जाने की मांग की हैं, ताकि इस भीषण गर्मी से मासूम बच्चे महफूज रहें।


शादीलाल मारवाड़ी

शादीलाल मारवाड़ी का कहना है कि इस वक्त दिन रात भीषण गर्मी पड़ रही हैं। गर्मी से नागरिकों को कहीं भी सुकून नहीं मिल पा रहा हैं। तपती धूप में बड़ों का भी घरो से निकलना भारी हो रहा हैं। यह भीषण गर्मी स्वास्थ्य के लिए भी काफी हानिकारक साबित हो रही हैं। वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा भी आए दिन गर्मी से बचने की विशेष सलाह दी जा रही हैं और मजबूरी में या आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों अथवा प्रतिष्ठानों से बाहर निकलें। इस भीषण गर्मी व तपती धूप में घरों पर ही बच्चे बिलबिला रहे हैं। ऐसे में छोटे मासूम बच्चों के स्कूल खोलने व उनके द्वारा स्कूल जाना उनके स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं होगा। स्कूल जाने आने में व क्लास में मासूमो को भीषण गर्मी व धूप का सामना करना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में छोटे बच्चों को जितना गर्मी और तपती धूप से बचाकर घरों पर ही रहने दिया जाए उतना ही उनके स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होगा। इन सब बातों को देखते हुए शादीलाल मारवाड़ी ने प्रदेश सरकार व जिलाधिकारी बिजनौर से कक्षा 8 तक के बच्चों के स्कूल आगामी 10 जुलाई तक बंद रखकर 11 जुलाई से खोले जाने की मांग की हैं।

## प्रसूता की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग, साईं अस्पताल किया सील

**धामपुर (चिंगारी)।** एक महिला की मौत के बाद जागे स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी के के राहुल ने ग्राम सुहागपुर स्थित साईं हॉस्पिटल को सील करके अस्पताल संचालक डॉ. कुलदीप कुमार को नोटिस थमा दिया है। बताते चलें कि रविवार की रात डिलीवरी कराने आई एक महिला की प्रसव के बाद तड़के अचानक तबीयत खराब होने पर डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाने से मौत हो गई थी। इस घटना से बौखलाया अस्पताल का स्टाफ मौके से गायब हो गया था। उल्लेखनीय है कि स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव मुकरपुरी निवासी 26 वर्षीय आरती पत्नी नितिन को डिलीवरी हेतु गांव पंचायत सुहागपुर में स्थित साईं हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। जहां ऑपरेशन से रात में उनको लड़की पैदा हुई। ऑपरेशन के बाद तड़के आरती की अचानक तबीयत खराब हो गई और चिकित्सक उनको ठीक से ट्रीटमेंट भी नहीं दे पाए जिससे उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी के के राहुल ने कहा कि साईं हॉस्पिटल में हुई घटना के बाद अस्पताल को सील कर दिया गया है तथा डॉक्टर कुलदीप कुमार को नोटिस देकर एक सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है। ग्राम पंचायत सुहागपुर में आर एस एम से लेकर शेरकोट मार्ग तक कुकरमुत्तो की तरह खुले हुए हॉस्पिटलों में आए दिन इस तरह की घटनाएं होती रहती है। एक सप्ताह पूर्व भी ग्राम सुहागपुर के एक अस्पताल में डिलीवरी के दौरान एक महिला की मौत हो गई थी।

## हल्दौर में 5 को लगेगा आई कैम्प



**हल्दौर (चिंगारी)।** नगर के समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा प्रत्येक माह की भांति जुलाई माह में भी निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आगामी 5 जुलाई दिन रविवार को वर्मा मैरिज हॉल हल्दौर पर प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। जिसमें चिकित्सक मरीजो की आंखो का चैकअप कर उसी दिन मोतियाबिन्द के मरीजो को ऑपरेशन के लिये अपने साथ लें जाएगें। सुशील वर्मा ने बताया कि मरीज असुविधा से बचने के लिये अपना रजिस्ट्रेशन 5 जुलाई से पूर्व प्रात:10 बजे से सांय 4 बजे तक वर्मा मैरिज हॉल पर आकर किसी भी दिन करा सकते हैं।

# बिजनौर थाने में खुद को आग लगाने वाली युवती की दिल्ली में मौत

**बिजनौर (चिंगारी)।** थाना शहर कोतवाली बिजनौर में खुद को आग लगाकर गंभीर रूप से झुलसी दुष्कर्म पीड़िता की सोमवार को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवती की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। शव का पोस्टमार्टम दिल्ली में कराया जा रहा है। आज युवती का शव बिजनौर लाया जाएगा। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं।

किरतपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने नवंबर 2025 में शहर कोतवाली के स्वाहेड़ी निवासी सेना के जवान सौरभ पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी सौरभ अपनी गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट से स्टे ले आया था। पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में उसके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। 21 जून की शाम पीड़ित युवती शहर कोतवाली पहुंची और आरोपी पक्ष को थाने बुलाने की मांग को लेकर हंगामा किया। देर रात उसने कथित रूप से खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। उसे पहले जिला अस्पताल और बाद में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रैफर किया गया था।

घटना के बाद एसपी अभिषेक झा ने तत्कालीन शहर कोतवाल अमर सिंह राठौर को निलंबित कर दिया था। युवती की मां की तहरीर पर सेना के जवान सौरभ, उसके भाई गौरव सहित छह पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस एक आरोपी कलवा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। युवती की मौत के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## दो टीमें कश्मीर रवाना

**पुलिस की टीमें जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना मुख्यालय पहुंचकर वहां तैनात दोनों आरोपी भाइयों की गिरफ्तारी के लिए सेना अधिकारियों से समन्वय कर रही हैं। अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है।**

# जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जिला जेल का निरीक्षण




**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला जज संजय कुमार सप्तम, डीएम जसजीत कौर एवं एसपी अभिषेक झा ने सोमवार को जिला कारागार, बिजनौर का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। सोमवार को निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बैरकों, रसोईघर, चिकित्सालय, भोजन व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जेल प्रशासन से बंदियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिये। अधिकारियों ने जेल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, नियमित निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान कारागार प्रशासन से विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई और आवश्यक सुधार संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिला कारागार में सुरक्षा, अनुशासन और बंदियों की सुविधाओं को लेकर समय-समय पर निरीक्षण किए जाते रहेंगे, ताकि व्यवस्थाएं सुचारु बनी रहें। इस दौरान जेल अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, जेलर कस्तूरी लाल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** सोमवार को खेत पर कार्य कर रहे 20 वर्षीय युवक की विद्युत करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम गदनपुरा निवासी किसान हरेंद्र सिंह का 20 वर्षीय पुत्र विकास सोमवार को अपने खेत पर कृषि कार्य करने गया था। इस बीच बिजली के टूटे हुए तार की चपेट में आ जाने के कारण उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जब वह काफी समय बाद घर नहीं लौटा तो उसके पिता उसे देखने जंगल गए, जहां वह ट्यूबवैल के पास मृत हालत में पड़ा मिला। ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्राली से उसके शव को थाने ले आए। उधर, थाना पुलिस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। विकास की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। किसान हरेंद्र सिंह के दो पुत्र आकाश बड़ा एवं विकास छोटा था। घटना से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।




# बरुकी चौकी प्रभारी राहुल लाइन हाजिर

**बिजनौर (चिंगारी)।** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र की बरुकी पुलिस चौकी के प्रभारी राहुल कुमार को एसपी अभिषेक झा ने लाइन हाजिर कर दिया है। जानकारी के अनुसार बरुकी क्षेत्र में रास्ते पर दीवार निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। इस मामले में कोतवाली देहात पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद दूसरे पक्ष की एक महिला ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई पर सवाल उठाए थे। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू की गई। इसी बीच एसपी अभिषेक झा ने चौकी प्रभारी राहुल कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। हालांकि पुलिस विभाग की ओर से लाइन हाजिर किए जाने का आधिकारिक कारण सार्वजनिक नहीं किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच जारी है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कबीर जयंती पर सौभाग्य शोभायात्रा निकाली, शर्बत पिलाया

**बिजनौर (चिंगारी)। भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी ने संत शिरोमणि कबीर की 629वीं जयंती पर राहगीरों को शरबत पिलाकर पुण्य लाभ कमाया। साथ ही समिति की ओर से गांव खानपुर के प्रतिभाशाली छात्र पीयूष कुमार को 5100 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया।**




जिला मुख्यालय पर बड़ी संख्या में संत कबीर के अनुयायियों ने सौभाग्य शोभायात्रा निकाली। पालिका बाजार के पास भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से जल व शरबत वितरण किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष मास्टर राजेंद्र कुमार भुइयार, महामंत्री केशव शरण भुइयार, कोषाध्यक्ष तेजपाल सिंह भुइयार, पत्रकार संजीव कुमार भुइयार, संरक्षक मानसिंह भुइयार की देखरेख में बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल उनके अनुयायियों तथा राहगीरों को जल तथा शरबत पिलाया गया। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार भुइयार ने कहा कि वर्तमान में समाज को संत कबीर के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। शरबत वितरण कार्यक्रम में मनोज कुमार, राहुल सिंह भुइयार, अमित सिंह,ओमकार सिंह, गिरिराज सिंह, गजेंद्र सिंह एडवोकेट, डॉ. भानुप्रताप सिंह, देवांश सिंह, संदीप सिंह, बादाम सिंह, मुन्नू सिंह, रामावतार सिंह, ज्ञान सिंह,नरेंद्र सिंह, हृदयाश सिंह का सहयोग रहा। समिति के महामंत्री केशव शरण भुइयार ने बताया कि समिति द्वारा कबीर के आदर्शों का प्रचार-प्रसार करने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

# पूछताछ में कई सवालों का जवाब नहीं दे पाए चंपत राय

# अब मंदिर में नियुक्तियों की भी जांच

**अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)।** राम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले की जांच अब तेज हो रही है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की। पूछताछ के बाद उनका बयान दर्ज किया गया। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ में चंपत कई सवालों के जवाब नहीं दे पाए। इसके साथ ही पुलिस ने ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य संबंधित लोगों सहित लगभग 70 लोगों को नोटिस जारी किए हैं। जांच में लगी पुलिस चढ़ावे के प्रबंधन, निगरानी व्यवस्था, कर्मचारियों की नियुक्ति और बैंकिंग प्रक्रिया की भी पड़ताल कर रही है। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान चंपत राय से चढ़ावे के प्रबंधन की व्यवस्था, प्रशासनिक निर्णय, कर्मचारियों की जिम्मेदारियों और शिकायतों के निस्तारण को लेकर कई सवाल पूछे गए। जांच अधिकारियों ने उनके बयान को रिकॉर्ड किया है, जिसका मिलान अब अन्य गवाहों के बयानों और उपलब्ध दस्तावेजों से किया जाएगा। यदि जांच के दौरान जरूरत महसूस हुई तो उन्हें दोबारा भी पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। जांच से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि अब यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि आखिर इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद चढ़ावे की चोरी कैसे संभव हुई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ट्रस्ट के पूर्व सदस्य अनिल मिश्रा, पदाधिकारी गोपाल राव समेत लगभग 70 लोगों को नोटिस भेजे गए हैं। इनमें ट्रस्ट से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी और अन्य संबंधित लोग शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा करीब 140 गवाहों के बयान दर्ज करने की तैयारी भी चल रही है। जांच एजेंसियां मंदिर के पांच से छह अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ कर चुकी हैं। वहीं गणना व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़े लगभग 30 लोगों से भी पूछताछ की तैयारी की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि पूरी प्रक्रिया को समझे बिना चोरी की सटीक तस्वीर सामने नहीं आ सकती।



### चंपत राय से क्या-क्या पूछा गया

सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान जांच अधिकारियों ने चंपत राय से पूछा कि चढ़ावे की निगरानी की व्यवस्था कैसे संचालित होती थी, कर्मचारियों की जवाबदेही किसके पास थी और यदि पहले कोई शिकायत मिली थी तो उसका निस्तारण किस प्रकार किया गया। सूत्रों का दावा है कि चंपत राय ने पूछताछ में कहा कि चढ़ावा चोरी की घटना में उनकी कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने बताया कि जैसे ही उन्हें मामले की जानकारी मिली, तत्काल कार्रवाई करते हुए संदिग्धों को पकड़वाने और एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कराई गई। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि चढ़ावे के सुरक्षित प्रबंधन की समग्र जिम्मेदारी ट्रस्ट की व्यवस्था का हिस्सा थी। पूछताछ के दौरान कथित तौर पर कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर भी सवाल किए गए। सूत्रों के अनुसार, जांच अधिकारियों ने यह जानना चाहा कि रिश्तेदारों अथवा परिचितों को किस आधार पर जिम्मेदारियां दी गईं।

### बैंक तक पहुंची जांच

एसआईटी की जांच केवल मंदिर परिसर तक सीमित नहीं रही, जांच टीम भारतीय स्टेट बैंक की अयोध्या धाम शाखा भी पहुंची। वहां शाखा प्रबंधक सहित पांच कर्मचारियों से पूछताछ की गई। पुलिस ने मंदिर के चढ़ावे से संबंधित जमा प्रक्रिया के दस्तावेज प्राप्त किए हैं। साथ ही आरोपियों के बैंक खातों का विवरण और पिछले पांच वर्षों का बैंक स्टेटमेंट भी मांगा गया है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि चढ़ावे की राशि बैंक तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया में कहीं कोई अनियमितता तो नहीं हुई। बैंक रिकॉर्ड और मंदिर के आंतरिक दस्तावेजों का मिलान जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

## चंपत राय से विहिप ने बनाई दूरी...



### आलोक कुमार बोले- उनके फैसलों से हमारा क्या लेना-देना

राम मंदिर निर्माण के लिए जुटाए गए चंदे, मंदिर में चढ़ावे की चोरी और ट्रस्ट की जवाबदेही को लेकर उठ रहे सवालों के बीच विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने संगठन का पक्ष रखा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राम मंदिर के निर्माण और उसके संचालन की जिम्मेदारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की है, न कि विश्व हिन्दू परिषद की। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के फैसलों की जवाबदेही भी ट्रस्ट की है। आलोक कुमार ने कहा कि केवल इस आधार पर कि चंपत राय पहले विश्व हिन्दू परिषद से जुड़े रहे हैं, पूरी विश्व हिन्दू परिषद को उनके हर फैसले के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि ऐसा तर्क देना उचित नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व हिन्दू परिषद की भूमिका सुप्रीम कोर्ट के फैसले तक थी। उनके मुताबिक, संगठन का दायित्व राम जन्मभूमि आंदोलन को आगे बढ़ाने तक सीमित था। अदालत के फैसले के बाद मंदिर निर्माण और उसके प्रबंधन की जिम्मेदारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दी गई। उन्होंने कहा, मंदिर का निर्माण करना और उसका संचालन करना ट्रस्ट का काम है, विश्व हिन्दू परिषद का नहीं। देशभर में मंदिर बनाना या उनका संचालन करना विश्व हिंदू परिषद का दायित्व नहीं है, इसलिए ट्रस्ट में जो भी निर्णय लिए जाते हैं या जो कुछ भी होता है, उसकी जवाबदेही ट्रस्ट की है। आलोक कुमार ने यह भी कहा कि इस मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद या केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है।

## अयोध्या पहुंचे यूपी कांग्रेस अध्यक्ष नजरबंद

### बोले- दर्शन किए बिना नहीं जाएंगे



**अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की एसआईटी जांच चल रही है। पुलिस ने इस मामले में चंपत राय के ड्राइवर टिंकू यादव समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसआईटी बैंक खाते खंगाल रही है। वहीं, इस मामले पर अब सियासत भी तेज होती दिख रही है। अयोध्या पहुंचे यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और अन्य नेताओं को पुलिस ने एक गेस्ट हाउस में बंद कर दिया है। अजय राय ने कहा कि हम रामलला के दर्शन करने राम मंदिर जाने के लिए आए थे। हम लोगों को होटल से उठा लिया गया। उन्होंने कहा कि हमें मत्था टेकने मंदिर जाना था। हमारे साथ केएल शर्मा और अन्य सहयोगी थे। अजय राय ने आरोप लगाया कि मुझे रात के ही समय जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर आचार्य नरेंद्र देव विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस ले जाया गया, जहां अभी रखा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं और हमें नाश्ता-खाना कुछ भी नहीं दिया गया। यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा कि लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है और हमें नजरबंद कर दिया गया। सरकार क्यों डरी हुई है?

# सभी 8 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)।** श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले के आठ आरोपियों की न्यायिक अभिरक्षा रिमांड कोर्ट ने 14 जुलाई तक के लिए स्वीकृत कर ली है। यह रिमांड आदेश विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम रजत वर्मा की अदालत से जारी हुआ। रिमांड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुआ। चढ़ावा चोरी प्रकरण में आठ आरोपी जेल में हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ विवेचना संपूर्ण न हो पाने और विवेचना के लिए और समय दिए जाने की याचना विवेचक की ओर से की गई थी। विवेचक क्षेत्राधिकार अयोध्या आशुतोष त्रिपाठी द्वारा सभी आरोपियों का न्यायिक अभिरक्षा रिमांड 14 दिवस के लिए स्वीकृत करने के लिए अर्जी भी दी गई थी। विवेचक द्वारा प्रस्तुत केस डायरी और अन्य प्रपत्रों का सम्यक परिशीलन करने के बाद कोर्ट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम से सभी आरोपियों का रिमांड स्वीकृत कर लिया। मामले में अगली पेशी 13 जुलाई नियत की गई है। वहीं, जिला कारागार में बंद चढ़ावा चोरी के आरोपी अविनाश शुक्ला को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले के विवेचक पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष तिवारी ने जेल में उसका बयान लेने के लिए अनुमति देने की कोर्ट में अर्जी दी थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने यह अर्जी मंजूर कर ली है और बयान लेने की अनुमति दे दी है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के जज रजत वर्मा की अदालत से हुआ।



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी के आठ आरोपी जेल में हैं। रविवार को सभी आरोपियों के ठिकानों पर पुलिस ने छापा मारा था। छापे की कार्रवाई में आरोपियों से जुड़े कुछ दस्तावेज पुलिस के हाथ लगे हैं इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर सोमवार को उनकी रिमांड पेशी के दौरान विवेचक क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष त्रिपाठी ने विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की कोर्ट में प्रार्थना-पत्र दिया। प्रार्थना-पत्र में कहा है कि आरोपी अविनाश शुक्ला निवासी कौशलपुरी मधुबन डेरी के घर बीते 28 जून को सर्च एंड सीजर की कार्रवाई के दौरान उसके परिजनों के पास से बैंक पासबुक समेत अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। उनकी सत्यता की जांच के लिए आरोपी का जेल में बयान लेना जरूरी है। अविनाश शुक्ला का जेल में जाकर बयान लेने की विवेचक ने अर्जी के माध्यम से कोर्ट से अनुमति मांगी, इस पर कोर्ट ने विवेचक से कुछ आवश्यक सवाल किए। इसके बाद बयान लेने की अर्जी स्वीकार कर ली।

# सीमा विवाद के चलते ग्रामीणों की जान जोखिम में

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** कल महमसापुर गांव के जंगल में मिले गुलदार के शावक के मामले में वन विभाग की नजीबाबाद और बिजनौर डिवीजन के अधिकारी लगातार सीमा विवाद में उलझे हुए हैं। कोई भी डिवीजन उस जंगल को अपने क्षेत्र में मानने को तैयार नहीं है, जिसके चलते खेत में पिंजरा नहीं लगाया जा सका है। जिले में वन विभाग की दो डिवीजन नजीबाबाद (रिजर्व फॉरेस्ट) और बिजनौर (सामाजिक वानिकी) हैं। नजीबाबाद डिवीजन के डीएफओ नजीबाबाद में तथा बिजनौर डिवीजन के डीएफओ बिजनौर में बैठते हैं। कल सुबह क्षेत्र के ग्राम महमसापुर के जंगल में बाजरे के खेत में गुलदार का शावक मिला था। सामाजिक वानिकी की नजीबाबाद रेंज के डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह और दरोगा विकास कुमार का कहना है कि उक्त जंगल उनके नहीं राजगढ़ रेंज के क्षेत्र में पड़ता है। जबकि रिजर्व फॉरेस्ट (नजीबाबाद डिवीजन) के प्रभागीय वन अधिकारी ( डीएफओ) पृथ्वीराज और राजगढ़ रेंज के रेंजर देव ऋषि सक्सेना का कहना है कि उक्त जंगल उनके सामाजिक वानिकी के क्षेत्र नहीं में पड़ता है। दोनों डिवीजन के अधिकारी लगातार सीमा विवाद में उलझे हुए हैं। दोनों डिवीजन के अधिकारियों ने उक्त मसले को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। कोई भी अधिकारी उक्त जंगल को अपने क्षेत्र में मानने को तैयार नहीं है। इसके चलते वहां पिंजरा तक नहीं लगाया जा सका है। लोग पूछ रहे हैं कि ऐसी स्थिति में यदि गुलदार किसी किसान के ऊपर हमला कर देता है, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा ? वन विभाग के अधिकारी आपसी सीमा विवाद में किसानों की जान जोखिम में डाल रहे हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विधायक ओम कुमार ने भेंट किया पावन वेद




**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** सर्किट हाउस, मुरादाबाद में उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा एवं आगामी विकास कार्यों की कार्ययोजना संबंधी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नहटौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओम कुमार ने सहभागिता कर क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों पर अपने सुझाव एवं अपेक्षाएं प्रस्तुत कीं। बैठक के उपरांत विधायक ओम कुमार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज को 'एक तू सच्चा, तेरा नाम सच्चा' सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वालों द्वारा प्रदत्त पावन वेद भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री जी ने इस पवित्र भेंट को सहर्ष स्वीकार करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। विधायक ओम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तीव्र गति से विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश सरकार जनकल्याण, आधारभूत संरचना के विकास तथा प्रत्येक क्षेत्र के संतुलित एवं समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार के नेतृत्व में प्रदेश और अधिक समृद्ध एवं विकसित बनेगा।

# उत्तराखंड को मिलेंगी 4 एमआरआई, 5 डिजिटल मैमोग्राफी एवं 75 एआई-सक्षम हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनें, एमओयू साइन



**नैनीताल ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक एवं सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा उत्तराखंड सरकार के बीच सोमवार को कर्तव्य भवन, नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर उत्तराखंड शासन की ओर से स्वास्थ्य सचिव विनय शंकर पांडे तथा भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अपर सचिव आराधना पटनायक की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत प्रधानमंत्री निधि के माध्यम से उत्तराखंड को 4 एमआरआई (MRI) मशीनें, 5 डिजिटल मैमोग्राफी (DBT) मशीनें तथा 75 कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। इन अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों के उपलब्ध होने से प्रदेश के सरकारी चिकित्सालयों में जांच सुविधाओं का विस्तार होगा तथा रोगों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निदान में उल्लेखनीय सहायता मिलेगी। विशेष रूप से पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में एआई-सक्षम पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों के माध्यम से मरीजों को उनके निकट ही बेहतर जांच एवं उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना संभव होगा।

# जमीन का कब्जा दिलाने के लिए मंडावली थाना प्रभारी पर धनराशि लेने का आरोप

## एसपी ने सीओ को सौंपी जांच, सत्यता के आधार पर होगी कार्रवाई

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर निवासी शैंकी कुमार पुत्र कमल सिंह ने मंडावली थाना प्रभारी पर कथित रूप से धनराशि लेने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक बिजनौर को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित शैंकी कुमार ने शिकायत पत्र में बताया कि उसकी कृषि भूमि ग्राम प्रेमपुरी में स्थित है, जिसका खसरा संख्या 59 एवं 221 है। उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में विधिवत उनके नाम दर्ज है तथा वह उक्त भूमि के वैध स्वामी एवं कब्जेदार है। प्रेमपुरी गांव के कुछ लोगों के द्वारा लगातार उनकी भूमि पर उन्हें कृषि कार्य करने से रोका जा रहा है तथा अवैध दावा करते हुए उनके साथ एवं उनके चौकीदार के साथ मारपीट भी की गई। गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। इस संबंध में मंडावली थाना प्रभारी को एक लिखित तहरीर देकर अपनी जान-माल की सुरक्षा व कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की गई, जिस पर थाना प्रभारी ने पीड़ित से इस मामले में कथित रूप से धनराशि ली। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा मामले की जांच नजीबाबाद सीओ को सौंपी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने धनराशि लेने के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि जमीन पर विवाद चल रहा है। शैंकी के द्वारा विवादित जमीन पर कब्जा दिलाए जाने का दबाव बनाया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है। सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम ने बताया कि दोनों पक्षों में जमीनी विवाद चल रहा था, जिसकी सम्बंधित विभाग द्वारा जांच की जा रही थी। इसी बीच में पीड़ित के द्वारा शिकायत पत्र दिया गया है, जिसमें मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक पर लेन-देन का आरोप लगाया गया है। मामले की जांच की जा रही है जो भी सत्यता होगी, उसी के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# विधानसभा चुनाव से पहले हारी सीटों पर फोकस करेगी भाजपा

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के तहत सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2022 के चुनाव में हाथ न लगने वाली सीटों पर अपनी पैठ को मजबूत करने की कवायद शुरु कर दी है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने हाल ही में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर हारी सीटों की रणनीति बनाई है। बैठक में तय हुआ कि हारी हुई सीटों पर विधानसभावार प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। ये प्रभारी अपने विधानसभा क्षेत्र में जाकर जिला, मंडल और बूथ स्तर तक के संगठन, स्थानीय मुद्दों और मतदान की रणनीति पर फीडबैक जुटाएंगे। जरूरत के मुताबिक संगठन को मजबूत करने की कार्रवाई भी कराएंगे। क्षेत्रीय पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपनी हारी हुई सीटों को जीत में बदलने के लिए जनता के बीच सक्रिय रहें और उनके मुद्दे सुलझाएं। बैठक में अवध, गोरखपुर और कानपुर क्षेत्र की हारी सीटों पर खास चर्चा हुई। तीनों क्षेत्रों के पदाधिकारी भी शामिल हुए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जुलाई के पहले सप्ताह में दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ आएंगे। सूत्रों के मुताबिक वह तीन व चार जुलाई को लखनऊ में रहकर विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठन के कामकाज का जायजा लेंगे। तैयारियों के बीच उनका दौरा अहम माना जा रहा है। इस दौरान वह पार्टी संगठन के नेताओं और आनुषांगिक संगठनों के साथ अलग-अलग बैठक करेंगे।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# स्वामी ओमवेश ने एसडीएम को दिया ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन देते विधायक स्वामी ओमवेश।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय विधायक स्वामी ओमवेश के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने बाढ़ की रोकथाम के लिए गंगा नदी पर तटबंध का निर्माण कराये जाने तथा वोटर लिस्ट से डुप्लीकेट वोट निरस्त किये जाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी को मुख्यमंत्री व निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया।

आज सुबह विधायक स्वामी ओमवेश समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचे तथा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि विधानसभा चांदपुर में एस आई आर के बाद भी कुछ मतदाताओं के डुप्लीकेट वोट शेष रह गए है, जिनकी संख्या 4869 है। ज्ञापन में इस की जांच कराकर जिस मतदाता का वोट डबल बना हुआ है,उसे निरस्त किये जाने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि बरसात के मौसम में खादर क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद, ढोलनपुर, फैजीपुर, महमूदा, सलेमपुर, सीकरी, बलिया नगली, रायपुर, जमालुद्दीनपुर, दत्तियाना, मुदफरा, स्याली, खददन बाढ़ आने से फसलो के साथ साथ धन जन की हानि हो जाती है। बाढ़ की रोकथाम के लिए तटबंध का निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर वे मुख्यमंत्री से मिल कर तटबंध बनाए जाने की मांग कर चुके है। तटबंध का सर्वे कार्य भी पूर्ण हो चुका है। ज्ञापन देने वालों में विधायक स्वामी ओमवेश के साथ विधानसभा अध्यक्ष चौ संसार सिंह, नगर अध्यक्ष नाजिम खान, मोहसिन अंसारी,मौ यूनुस ताऊ, रईस अहमद,शेर आलम चांद, सतेन्द्र प्रधान,मौ इरशाद,चौ समरपाल सिंह, वीर सिंह प्रधान, नीरज शर्मा, विनीत शर्मा, गौरव शर्मा, गुरू प्रीत सिंह,जोगा सिंह, सुरजीत सिंह आदि शामिल थे।

# सरदार मनदीप सिंह बने उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रदेश सचिव



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कल साहरनपुर में स्थित अमर वाटिका बैंकेट हाल में उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में रावली (बिजनौर) निवासी सरदार मनदीप सिंह को उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। उल्लेखनीय है कि सरदार मंदीप सिंह राजनीति में भी दखल रखते हैं और इस समय समाजवादी पार्टी में प्रदेश सचिव है। वे जिला पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव भी लड़ चुके हैं। उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश अध्यक्ष हरविन्दर सिंह लार्ड, महासचिव सरदार सुरेन्द्र पाल सिंह, कोआर्डिनेटर सरदार धर्मवीर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार निर्मल सिंह, कार्यक्रम संयोजक सरदार गुरप्रीत सिंह बग्गा ने मनोनीत प्रदेश सचिव से उम्मीद जाहिर की कि वे सिख समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाग लेने वालों में वेववन के डायरेक्टर सरदार रजिन्दर सिंह चड्ढा के अलावा बड़ी संख्या में सिख समाज के लोगो ने भाग लिया।

# कुर्बानगाह की भूमि पर कब्जा कर लिया

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम नसीबपुर निवासी ग्राम प्रधान शकील अहमद, पूर्व प्रधान अकबर, मोहम्मद अरशद, हामिद, जाकिर, मोहम्मद सुलेमान, शमसुद्दीन, अनीस अहमद, जाकिर अहमद, फखरुद्दीन आदि ने आरोप लगाया कि गांव में खसरा संख्या 150 कुर्बानगाह के लिए आवंटित है। जमीन के दक्षिण ओर शाहिद, मजाहिद, नाजिर पुत्रगण मो. इस्माइल ने अपने खेत में कुछ भाग मिला लिया है। जिसको लेकर ग्रामीणों की पूर्व में शिकायत के आधार पर भूमि की दो बार पैमाइश भी हो चुकी है, लेकिन तीनों कब्जा धारक उक्त भूमि को नहीं छोड़ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है। कि आरोपी कब्जा धारक झगड़ा कर माहौल खराब करने की फिराक में है। और भूमि से कब्जा हटवाने का प्रयास करने पर आरोपी अपने घर की महिलाओं को लड़ाई में आगे कर देते हैं। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार



**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला रामनगर लक्ष्मी कॉलोनी निवासी ने गत 18 जून को दी तहरीर में बताया था कि उसपर कई युवकों ने हमला कर घायल कर दिया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों को नामज़द करते हुए कई अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया था।पुलिस ने सोमवार को घटना के एक वांछित आरोपी शहरान उर्फ मून्ना पुत्र रफीक अहमद निवासी मोहल्ला बजांरान को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक श्रीकान्त सत्यार्थी कांस्टेबल असलम खान व अंकित कुमार रहे।

# ड्राइवर नहीं लगा पाया ब्रेक, डिवाइडर से टकराया ट्रक

**पीली चौकी ( चिंगारी )।** बिजनौर-नगीना रोड पर वीकेआईटी के पास एक ट्रक गत रात्रि अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया और पटल गया। दरअसल, सामने से आ रहे वाहन की तेज लाइट के कारण ड्राइवर ट्रक को कंट्रोल नहीं कर सका, जिस कारण पत्थर से भरा ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया और काफी दूर तक लाइट के खंबे व डिवाइडर को तोड़ता हुआ पलट गया। यह ट्रक काशीपुर से चलकर मंडावली, बिजनौर जाना था। ट्रक भी काफी क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राइवर की जान मुश्किल से बची। रोड पर पत्थर और डिवाइडर का टूटा हुआ मलबा फैल गया।

# अखिलेश का जन्मदिन मनायेंगे कल, बाटेंगे फल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता/कार्यालय प्रभारी अखलाख पप्पू ने बताया कि कल 1 जुलाई को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर सपा कार्यकर्ता कल सुबह 10 बजे जिला कार्यालय पर केक काटेंगे। उसके बाद पौधारोपण तथा जिला अस्पताल एवं कुष्ठ आश्रम में फल वितरण होगा। राहगीरों को शरबत पिलाया जायेगा।

# डा. प्रमोद के ट्रांसफर की मांग को लेकर, भाकियू बैठी धरना देकर


धरनी पर बैठे भाकियू ( सामाजिक ) के पदाधिकारी/सदस्य।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर तैनात चिकित्सक प्रमोद देशवाल पर मरीजों को बाहर के निजी मेडिकल स्टोर्स से खरीदने हेतु महंगी दवाइयां लिखने का आरोप लगाते हुए भाकियू (सामाजिक) ने आंदोलन छेड़ दिया है। संगठन पदाधिकारियों ने बाहर से दवाई लिखना बंद करने व डॉ. प्रमोद देशवाल का ट्रांसफर किए जाने की मांग को लेकर सोमवार से स्थानीय सीएचसी के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरने पर मौजूद संगठन के राष्ट्रीय सचिव ज्ञानचंद प्रजापति ने कहा कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी संबंधित उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया मगर कोई कार्यवाही नही हुई। उन्होंने कहा कि मांग पूरी होने तक धरना जारी रहेगा। आज दूसरे दिन धरने पर ज्ञानचंद प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष आरेंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी, एहसान शाही, इदरीस, साजिद, अब्दुल्ला आदि मौजूद रहे। इस संबंध में चिकित्साधिकारी डॉ. सर्वेश निराला व डॉ. प्रमोद देशवाल से संपर्क नहीं हो सका। बताया गया कि प्रमोद देशवाल छुट्टी पर हैं। चीफ फार्मासिस्ट लक्ष्मण सिंह रावत ने जानकारी दी कि हमारे यहां दवाइयां उपलब्ध हैं और मरीजों को उपलब्धतानुसार अस्पताल से ही दवाइयां दी जाती हैं।

# कोतवाली देहात पुलिस की बड़ी कामयाबी

## पशु चोर गैंग के 5 बदमाश गिरफ्तार, 2 मुठभेड़ में घायल



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने ग्राम दायम नंगला में हुई पशु चोरी का खुलासा करते हुए 5 पशु चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस मुठभेड़ में 2 बदमाश घायल हो गई। तीन दिन पूर्व 26/27 की रात गांव दायम नंगला से 2 भैंस व 1 कटिया चोरी हो गई थी। मुखबिर की सूचना पर नहटौर रोड पर गांव महमूदपुर भावता स्थित बंद पड़े ईंट भट्टे के पास पुलिस ने घेराबंदी की। पशु चोर पुलिस पर फायरिंग करने लगे। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें नसीम उर्फ लंबू कुरैशी (45 वर्ष) हाल निवासी मेरठ व रईस उर्फ भूरा (28 वर्ष), निवासी किरतपुर हाल निवासी सहारनपुर के पैर में गोली लगी। पुलिस ने गुलफाम उर्फ छोटे, राहुल, शफीक को भी गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के पास से 2 तमंचे, 03 जिंदा कारतूस, 02 खोखा, 02 अवैध चाकू, चोरी की 02 भैंस, 01 कटिया व महिंद्रा बोलेरो पी 20 टी-7331 भी बरामद हुई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गैंग रात में बंद मकानों और पशुओं को निशाना बनाता था। चोरी के पशु पीठ में बेचने की योजना थी। एक गैस सिलेंडर 1500 में बेच दिया था।

# सड़क पर बाइक खड़ी कर मस्ती कर रहे युवकों को हिदायत देना महंगा पड़ा

## ट्रैफिक पुलिसकर्मी के सिर में पत्थर मारा



**बिजनौर (चिंगारी)।** रामलीला तिराहे पर ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक पुलिस के एक सिपाही पर दो युवकों ने पत्थर से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। सिपाही का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने सड़क पर बाइक खड़ी कर मस्ती कर रहे युवकों को यातायात बाधित न करने की हिदायत दी थी। हमले में सिपाही के सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी मरहम-पट्टी की गई।

जानकारी के अनुसार ट्रैफिक पुलिस में तैनात सिपाही सौरभ कुमार की पिछले कई दिनों से रामलीला तिराहे पर ड्यूटी लगी हुई है। सोमवार रात करीब आठ बजे दो युवक बाइक से वहां पहुंचे और सड़क के बीच बाइक खड़ी कर आपस में हंसी-मजाक करने लगे। इससे यातायात प्रभावित होने लगा। ड्यूटी पर मौजूद सिपाही सौरभ कुमार ने युवकों से बाइक सड़क से हटाने और किनारे खड़ी करने को कहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक उस समय वहां से चले गए, लेकिन कुछ देर बाद वापस लौटे। आरोप है कि उन्होंने पीछे से आकर सिपाही सौरभ कुमार के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद दोनों युवक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सिपाही को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने हमलावरों की बाइक का नंबर नोट कर लिया है और उसके आधार पर उनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# भीषण गर्मी के मद्देनजर बदला स्कूलों का टाइम

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार कसाना ने बताया कि चिलचिलाती गर्मी व लू की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी महोदया के निर्देश पर स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई, मदरसा बोर्ड के प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा आठ तक के सभी विद्यालय सुबह 7:30 से 12:30 तक संचालित किए जाएंगे। इसके निर्देश जिले के सभी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दे दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया है। पिछले कई दिनों से हो रही भीषण गर्मी को लेकर स्कूलों में बच्चे बिलबिला गए थे। शिक्षक संगठनों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विद्यालय का समय परिवर्तन करने की मांग की थी। विद्यालय का समय परिवर्तन होने से बच्चों तथा शिक्षकों ने राहत की सांस ली है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के मुताबिक आज, 30 जून से विद्यालय 7:30 बजे से संचालित किए गये। जिले के सभी शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों तथा कर्मचारियों को निर्देशों का पालन करने को कहा गया है।

**अब स्कूल सुबह 7:30 से 12:30 तक होंगे संचालित**

# अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किये गये बिजनौर के मेजर जनरल संदीप कुमार



**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद बिजनौर के लिए गौरव का विषय है कि भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी मेजर जनरल संदीप कुमार को राष्ट्र के प्रति उनकी विशिष्ट एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा अति विशिष्ट सेवा पदक (AVSM) से सम्मानित किया गया है।

मेजर जनरल संदीप कुमार का जन्म बिजनौर में हुआ तथा उनकी प्रारंभिक शिक्षा सेंट मैरीज़ कॉन्वेंट स्कूल, बिजनौर में हुई। वे बिजनौर के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता श्री जयप्रकाश शर्मा के पुत्र हैं, जिनका चयन बाद में उत्तर प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा में हुआ और उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में न्यायिक अधिकारी के रूप में उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान कीं।

देश सेवा के उद्देश्य से प्रेरित होकर मेजर जनरल संदीप कुमार का चयन कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज (CDS) के माध्यम से हुआ। इसके पश्चात उन्होंने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (OTA), चेन्नई में प्रशिक्षण प्राप्त किया और वर्ष 1989 में भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में कमीशन प्राप्त किया। आगे चलकर उन्होंने भारतीय सेना के जज एडवोकेट जनरल (JAG) विभाग, जो सेना की विधिक शाखा है, में अपनी सेवाएं दीं।

तीन दशक से अधिक लंबे और गौरवपूर्ण सैन्य जीवन में उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण विधिक एवं स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य करते हुए सैन्य न्याय व्यवस्था तथा विधिक प्रशासन को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपनी उत्कृष्ट कार्यकुशलता, निष्पक्षता और नेतृत्व क्षमता के बल पर वे भारतीय सेना के सर्वोच्च विधिक पद जज एडवोकेट जनरल तक पहुंचे।

### गौरवपूर्ण उपलब्धि

**भारत के राष्ट्रपति द्वारा उन्हें प्रदान किया गया अति विशिष्ट सेवा पदक (AVSM) उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, समर्पित सेवा और असाधारण व्यावसायिक दक्षता का राष्ट्रीय सम्मान है। उनकी यह उपलब्धि न केवल बिजनौर, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उनकी प्रेरणादायी यात्रा युवाओं के लिए यह संदेश देती है कि दृढ़ संकल्प, ईमानदारी, उत्कृष्टता और राष्ट्रसेवा की भावना से किसी भी ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है।**

# सड़क पर जाम लगाने के मामले में सात गिरफ्तार



**चांदपुर (चिंगारी)।** पुलिस ने सड़क पर जाम लगाने, सरकारी कार्य में बाधा डालने पर 7 लोगों को गिरफ्तार किया। विगत 24 अप्रैल को ग्राम इस्माईलपुर में बन्द पड़ी फैक्ट्री में गड्ढा खोदते समय ढांग गिरने से ग्राम रूकनपुर निवासी सुधीश (35 वर्ष) की मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने चांदपुर-नूरपुर रोड पर जाम लगा दिया था। जाम से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी थी। वहां पहुंची पुलिस ने जाम लगाने वाले लोगों को काफी समझाया बुझाया, लेकिन उन्होंने जाम खोलने से मना कर दिया तथा पुलिस व यात्रियों के साथ धक्का-मुक्की व गाली-गलौच करने लगे। पुलिस की ओर से सड़क पर जाम लगाने वाले संजीव पुत्र सुरेश, नवीन पुत्र वीरेन्द्र, होराम पुत्र अमर सिंह, राहुल पुत्र चन्द्रपाल, जीवन पुत्र वीरेंद्र, नरेश पुत्र चन्द्रपाल, योगराज पुत्र धर्मवीर निवासीगण ग्राम रुकनपुर थाना चांदपुर, जितेन्द्र पुत्र वेदप्रकाश ग्राम मेहर अलीपुर थाना नहटौर, जितेन्द्र पुत्र शोभाराम निवासी ग्राम हेजरपुर थाना चांदपुर, अरूण पुत्र विक्रम निवासी ग्राम जैनुल आबेदिन थाना हल्दौर व रोहित तथा 50-60 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जितेन्द्र पुत्र कल्याण सिंह, अनिल पुत्र बलराम, सत्यप्रकाश, हरिओम, अरूण, जयपाल सिंह व नन्हे को गिरफ्तार कर लिया।

**दो माह पहले का मामला**

# बिजनौर में विकसित होगी चंदन की खेती

## ग्राम कासमपुर कृपाराम में चंदन के उद्यान का शुभारंभ



**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर में चंदन की खेती को विकसित करने के लिए नई पहल की गई है। जनपद मुख्यालय से करीब नौ किलोमीटर दूर ग्राम कासमपुर कृपाराम में रविवार को चंदन के उद्यान का शुभारंभ उप कृषि निदेशक डा. घनश्याम वर्मा एवं विवेकानंद दिव्य भारती के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने संयुक्त रूप से पौधरोपण कर किया। चंदन उद्यान स्थापित करने वाले किसान सुकृत कवात्रा ने बताया कि परियोजना शुरू करने से पहले उन्होंने चंदन की वैज्ञानिक खेती का अध्ययन किया। खेत में ड्रिप सिंचाई प्रणाली स्थापित कराई गई, मिट्टी की जांच एवं आवश्यक सुधार कराया गया, ताकि पौधों का बेहतर विकास हो सके। इस उद्यान में दो एकड़ से अधिक भूमि पर लगभग 600 चंदन के पौधे लगाए जाएंगे। चंदन के साथ मिश्रित बागवानी को बढ़ावा देते हुए केला, आम, थाई बारहमासी आम, अमरूद, माल्टा, गोल्डन सेब, अनार, संतरा, लाल आंवला, कुंभकट नींबू, सफेद जामुन, मीठा करौंदा और चीकू सहित विभिन्न फलदार पौधों का भी रोपण किया गया है। उपकृषि निदेशक डा. घनश्याम वर्मा ने कहा कि कृषि विभाग की ओर से इस परियोजना को हर संभव तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चंदन की खेती का यह प्रयास जिले के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा और उन्हें पारंपरिक खेती के साथ उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर आकर्षित करेगा। विवेकानंद दिव्य भारती के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने कहा कि चंदन की खेती किसानों के लिए भविष्य में बेहतर आय का माध्यम बन सकती है। इस अवसर पर विषय वस्तु विशेषज्ञ आदित्य चौधरी सहित कृषि विभाग एवं क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

# दीवार पर चढ़कर लोहे का जाल काटा तीन ताले तोड़े, फिर सामान चुराया

## स्योहारा में चोरों के हौसले बुलंद ▶▶ पूरी घटना सीसीटीवी में कैद


बक्सा जिससे सामन चुराया गया।


सीसीटीवी में कैद चोरों की तस्वीर।

**स्योहारा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद नजर आ रहे हैं। इस बार बदमाशों ने मुरादाबाद रोड स्थित एक ऑटोमोबाइल दुकान को निशाना बनाते हुए दीवार पर चढ़कर लोहे का जाल काटा, तीन ताले तोड़े और हजारों रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गए। राहत की बात यह रही कि पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद रोड स्थित नेशनल ऑटोमोबाइल के संचालक मोहम्मद मेहशर रोजाना की तरह शनिवार रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात करीब डेढ़ बजे दो लोग दुकान की दीवार पर चढ़े और वहां लगे लोहे के जाल को काटकर अंदर घुस गए। इसके बाद बदमाशों ने दुकान के भीतर लगे तीन ताले तोड़ दिए और आराम से कीमती सामान समेटकर फरार हो गए। दुकानदार के अनुसार चोर दुकान से दो कार एसी कंप्रेसर, तीन तांबे की मैग्नेट कॉइल तथा करीब 80 मीटर सोलर पैनल की केबल चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। रविवार सुबह जब मोहम्मद मेहशर दुकान खोलने पहुंचे तो ताले टूटे मिले और सामान गायब था। जांच करने पर दुकान में चोरी की जानकारी हुई। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर पूरी वारदात रिकॉर्ड मिली, जिसमें दो संदिग्ध चोर चोरी करते दिखाई दे रहे हैं। दुकानदार ने स्योहारा थाना पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# छोटे व्यापारियों को भी सम्मानित किया जाये



## व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** दानवीर भामाशाह की जयंती के उपलक्ष्य में व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन सोमवार को महात्मा विदुर मीटिंग हॉल, कलेक्ट्रेट बिजनौर में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राज्य कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित राजीव आरथर, संजय सिंह, डीसी वासने, जीएमडीसी अमित, एडीएम प्रशासन अशोक दीक्षित सहित अन्य अधिकारी एवं व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर व्यापारियों द्वारा मांग रखी गई कि जिस प्रकार बड़े उद्योगों और बड़े व्यापारियों को सम्मानित किया जाता है, उसी प्रकार छोटे उद्योगों एवं छोटे व्यापारियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाना चाहिए, क्योंकि छोटे व्यापारी भी रोजगार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस पर राजीव आरथर द्वारा अवगत कराया गया कि शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में 5 करोड़ से 50 करोड़, 50 करोड़ से 100 करोड़ तथा 100 करोड़ से अधिक के कारोबार करने वाले व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर सम्मानित किए जाने की व्यवस्था की गई है। मुनीष त्यागी ने बुजुर्ग व्यापारियों के लिए पेंशन की व्यवस्था की भी मांग उठाई। कार्यक्रम में उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के जिला महामंत्री मुनीष त्यागी, प्रांतीय संगठन मंत्री बीएस राजपूत, नगर महामंत्री अरविंद पाल सिंह, युवा जिला अध्यक्ष मानव सचदेवा, शिवम अवस्थी सहित अनेक व्यापारी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चढ़ावा चोरी की सीबीआई जांच की मांग

## शिवसेना ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में हुए चढ़ावा चोरी होने पर दुख एवं रोष जताते हुए इसकी जांच सीबीआई से कराये जाने तथा दोषियों को फांसी की सजा दिये जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन दिया। शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन दिया, जिसमें कहा गया है कि अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर से चंदा चोरी होने की खबर से देश के करोड़ों हिन्दुओं को ठेस पहुंची है। जब कार सेवकों ने बाबरी ढांचा विध्वंस किया था और तत्कलीन मुख्यमंत्री ने ऑर्डर देकर नेपेंद्र मिश्रा के द्वारा गोलियां चलायी थीं, निर्वतमान सरकार ने निपेंद्र मिश्रा को ही श्रीराम मन्दिर ट्रस्ट का अध्यक्ष बना दिया जो हिन्दुओं के साथ सरासर धोखा है। ज्ञापन देने वालों में शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह, जिला उपप्रमुख मुकेश लम्बा, लवी, पुलकित त्यागी, संदीप चौहान, मनीष सैनी, योगेश, पंकज, जितेंद्र, अरुण, कमल, कुलदीप, बिल्ला कुमार, भूपेंद्र सिंह, खिलेंद्र कुमार, जॉनी आदि शामिल थे।

# फिर हुई साइबर ठगी

## 2.89 लाख की चपत लगी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस प्रशासन द्वारा बार-बार सचेत किये जाने के बाद भी लोग साइबर अपराधियों के शिकार हो रहे हैं। साइबर अपराधियों ने एक और युवक को पैसे कमाने का लालच देकर उससे 2 लाख 89 हजार रुपए ठग लिए। थाने में दी गई तहरीर नगर के मुहल्ला सरायरफी निकट रहमानिया स्कूल निवासी मौ. उवैस पुत्र मसूद अहमद ने बताया कि उसके मोबाइल व्हाट्सएप पर किसी व्यक्ति ने कॉल कर ट्रेडिंग के माध्यम से पैसा कमाने की बात बताई। उसकी बातों में आकर मौ. उवेस ने मुकेश कुमार के पंजाब ग्रामीण बैंक के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से 2 लाख 89 हजार रुपए जमा में जमा करा दिए। तहरीर में उवैस ने कहा है कि उसे संदेह है कि धोखाधड़ी कर उससे यह पैसे लिए गए हैं। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व भी साइबर अपराधियों ने बास्टा व महबुल्लापुर ढाकी निवासी दो व्यक्तियों का मोबाइल हैक कर उनके खाते से 2लाख 89 हजार रुपए साफ कर दिये थे। पुलिस प्रशासन द्वारा बार-बार सचेत करने के बावजूद साइबर अपराधी लोगों को चूना लगाने में सफल हो रहे हैं।

# शिव मंदिर में स्थापित हुई मां शेरावाली की मूर्ति



## हवन-यज्ञ और भंडारे में उमड़ी भीड़

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मौहल्ला साईंपुरम स्थित शिव मंदिर में रविवार को मां शेरावाली की नवनिर्मित मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मूर्ति स्थापना से पूर्व मंदिर परिसर में वैदिक आचार्यों द्वारा विधि-विधान से हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। मंत्रोच्चार और शंख-घंटों की ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद मां शेरावाली की मूर्ति को सिंहासन पर विराजमान कर प्राण-प्रतिष्ठा की गई। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस पावन अवसर पर सचिन अग्रवाल ने अपनी पत्नी व परिवार के साथ हवन-यज्ञ में आहुति दी।

# दुबई में होने वाली प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी शादीपुर की निष्ठा



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव शादीपुर की तीरंदाज निष्ठा गुप्ता का चयन भारतीय सब जूनियर कंपाउंड आर्चरी टीम में हुआ है। वह दुबई में आयोजित होने वाली यूथ एशियाई आर्चरी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। निष्ठा के चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर है। गांव शादीपुर निवासी विवेक गुप्ता की पुत्री निष्ठा गुप्ता कंपाउंड वर्ग की खिलाड़ी हैं। भारतीय सब जूनियर टीम के चयन के लिए हरियाणा के सोनीपत स्थित साई सेंटर में 26 से 29 जून तक ट्रायल आयोजित किए गए। ट्रायल में निष्ठा ने तीसरा स्थान हासिल कर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की। निष्ठा इससे पहले भी भारतीय प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित हो चुकी हैं। वह पिछले छह वर्षों से मथुरा तीरंदाजी अकादमी में कोच योगेंद्र सिंह राणा के निर्देशन में प्रशिक्षण ले रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी निष्ठा ने हाल ही में अंडर-15 तीरंदाजी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था। निष्ठा ने कहा कि उनका लक्ष्य यूथ एशियाई आर्चरी चैंपियनशिप में देश के लिए पदक जीतना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच योगेंद्र सिंह राणा और परिवार के सहयोग को दिया। निष्ठा के अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन पर क्षेत्रवासियों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# बिट्टू के हत्यारोपियों के मकान पर चला पुलिस का बुलडोजर

## मृतक के परिजन सारा दिन शव का अंतिम संस्कार न कर विरोध करते रहे

**मंडावर (चिंगारी)।** मंडावर के ग्राम कोहरपुर में दिनदहाड़े चाकू घोंपकर एक युवक की हत्या करने की घटना के पीछे का सच सामने आया है। आरोपी सुरेंद्र ने पुलिस को बताया है कि मृतक बिट्टू के उसकी पुत्रवधू मोनिका के साथ अवैध संबंध थे। जिस कारण कई बार मारपीट भी हुई थी और वह अवैध संबंध खत्म करने को तैयार नहीं था। हत्या भी अवैध संबंधों के कारण ही हुई है। रविवार को मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम कोहरपुर निवासी बिट्टू की गांव के ही सुरेंद्र पुत्र जयसिंह और उसके पुत्र अनिल व नीटू ने चाकू घोंपकर हत्या उस समय कर दी गई थी, जब वह अपने चचेरे भाई आशु के साथ पास की दुकान पर कोल्ड ड्रिंक पीने गया था। बिट्टू के परिजनों ने आरोप लगाया था कि उसके पुत्र का केवल इतना कसूर था कि उसने साफ तौर पर सुरेंद्र के खेतों पर किसी भी कीमत पर मजदूरी करने से इनकार कर दिया था। जिससे नाराज होकर सुरेंद्र, उसके पुत्र अनिल व नीटू आग बबूला हो गए और उसके साथ गाली गलौच करते हुए उसके चचेरे भाई आशु के सामने ही उसके पेट में चाकू घोंप दिया था, जिससे वह बुरी तरह से लहूलुहान होकर निढाल हो जमीन पर गिर गया था और चाकू से हमला करने वाले सुरेंद्र, अनिल व नीटू मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तत्काल बुरी तरह से जख्मी बिट्टू को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने इस हत्या की मृतक के पिता चरन सिंह की ओर से इस संगीन वारदात को अंजाम देने वाले सुरेंद्र पुत्र जयसिंह, उसके पुत्र अनिल और नीटू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था और उनकी तलाश में जुट गई।



बुलडोजर से तोड़ा गया आरोपियों का घर।

पोस्टमार्टम के बाद मृतक बिट्टू के परिजनों और ग्रामीणों ने रविवार शाम को ग्राम दयालवाला में मंडावर बालावाली मार्ग पर जाम लगाया था। सोमवार को भी उन्होंने मृतक की लाश को घर पर ही रखकर हत्यारों की गिरफ्तारी, परिवार में एक को सरकारी नौकरी देने और दस बीघा भूमि का पट्टा करने की मांग की। हालांकि पुलिस ने रात को ही हत्यारोपी सुरेंद्र के घर पर बुलडोजर चला दिया था। लेकिन मृतक के परिजन इससे संतुष्ट नहीं थे। सोमवार को मृतक की लाश को रखकर विरोध प्रदर्शित करते रहे। अंतिम संस्कार न करने और विरोध जताने पर एसपी सिटी डॉ. केजी सिंह, सीओ सिटी अभय कुमार पांडे, थाना प्रभारी संजय तोमर, मजिस्ट्रेट, हलका लेखपाल आदि भारी पुलिस बल के साथ गांव की शांति सुरक्षा के लिए मौजूद रहे। लंबी वार्ता के बाद देर शाम अधिकारियों ने परिजनों को उनकी मांगें पूर्ण करने का आश्वासन दिया, तब उन्होंने शव गंगा घाट पर ले जाकर अंतिम संस्कार किया।

### अवैध संबंधों के कारण हुई हत्या

**पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र के घर पर जहां बुलडोजर चलाया, वहीं आज उसे गिरफ्तार करने में भी सफलता हासिल कर ली। लेकिन सुरेंद्र ने जो तथ्य हत्या के संबंध में बताए उससे सभी चौक गए। सुरेंद्र ने बताया कि मृतक बिट्टू के संबंध उसकी व मोनिका पुत्रवधू से थे। इस संबंध में उसे कई बार समझाया गया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। मृतक ने कई बार उसके साथ गाली गलौच की। रविवार को भी उसने उसके साथ मारपीट की थी। इस दौरान हुई हाथापाई में उसे चाकू लगा, जिससे उसकी मौत हो गई। यदि वह उसकी व पुत्रवधू मोनिका से संबंध खत्म कर लेता तो इतनी बड़ी घटना न होती। फिलहाल पुलिस सुरेंद्र के पुत्रों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछा रही।**

# विदुर कुटी घाट पर हुई 201वीं गंगा आरती



**छाछरी मोड़ (चिंगारी)।** विदुर कुटी गंगा घाट पर गंगा समग्र संगठन के द्वारा श्री मां गंगा की 201वीं गंगा आरती और बालावाली घाट पर पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 54 वीं गंगा आरती का आयोजन आरती प्रमुख छत्रेंद्र शर्मा के द्वारा विधि विधान से संपन्न किया गया, जिसके मुख्य अतिथि गंगा समर के राष्ट्रीय मंत्री पवन चौहान और मुख्य यजमान मूलचंद सिंह पत्रकार रहे। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रीय मंत्री पवन चौहान ने कहा कि गंगा मैया मोक्षदायिनी हैं, हमारा उद्धार करती हैं। हमारी भी जिम्मेदारी है कि मां गंगा को स्वस्थ और निर्मल बनाने का प्रयास करें। कोई भी ऐसा कार्य न करें, न किसी को करने दें जिससे गंगा की पवित्रता को नुकसान पहुंचे। इस अवसर पर बृजपाल सिंह प्रभाग संयोजक मेरठ, ओमप्रकाश सिंह, दिनेश कुमार, देवेश चौधरी, चमन सिंह, राजेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, बंटी चौहान, गीता, रुक्मेश, विद्या, सत्यवीर सिंह, पूनम पाल, हरवीर सिंह, पुष्कर पाल, मुकेश कुमार, राजकुमारी, भोपाल सिंह, मुनेश सिंह आदि उपस्थित रहे। आरती के बाद प्रसाद का वितरण हुआ।

# नलकूप से सामान चुराया

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही नलकूप चोरी की घटनाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बीती रात चोरों ने रतनपुर खुर्द गांव के किसान नितिन कुमार के नलकूप को निशाना बनाया और कोठरी का ताला तोड़कर स्टार्टर, ऑपरेटर और लगभग 20 मीटर केबल चोर चुरा ले गए। सुबह सवेरे जब किसान नलकूप पर पहुंचा, तब उसे चोरी की घटना का पता चला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इससे पूर्व भी हीमपुर दीपा, उमरी पीर आदि गांव के जंगलों में नलकूप चोरी की घटनायें हो चुकी हैं, जिसके कारण आर्थिक नुकसान के साथ सिंचाई व्यवस्था प्रभावित है।

# जैन समाज ने की मेनका गांधी पर मुकदमा दर्ज करने की मांग



**किरतपुर (चिंगारी)।** जैन समाज ने मेनका गांधी द्वारा जैन संस्कृति पर लगाए गए मिथ्या आरोपों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह को सौंपा गया। सोमवार को किरतपुर जैन समाज के सदस्य थाना पहुंचे और ज्ञापन में बताया कि जैन समाज, जो विश्व में शान्तिप्रिय और अनुशासित है, अपनी धार्मिक भावनाओं और अस्मिता पर हो रहे हमलों के प्रति चिंतित है। उन्होंने भारतीय जैन मिलन के माध्यम से इस मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। जैन समाज ने कहा कि मेनका गांधी द्वारा पिच्छिका पर लगाए गए झूठे आरोपों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। हाल ही में मेनका गांधी ने जैन समाज के साधु संतों द्वारा उपयोग की जाने वाली पिच्छिका के निर्माण में मोरों की हत्या का आरोप लगाया, जो कि जैन धर्म की मूल आत्मा पर प्रहार है।

# सिकरौंधा में हुआ कपिल चौधरी का शानदार स्वागत



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** विधानसभा चुनाव की तैयारी के बीच ब्लॉक प्रमुख पुत्र एवं भाजपा नेता कपिल चौधरी ने क्षेत्र का दौरा कर मतदाताओं की नब्ज टटोली। जैसे ही वह सिकरौंधा गांव पहुंचे वहां ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े बजाकर और फूल माला पहनाकर उनके काफिले का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। ग्राम प्रधान कमित कुमार के आवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कपिल चौधरी ने केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कमित कुमार, सौरभ तोमर, राजीव तोमर, दिग्विजय सिंह, जोगेंद्र सिंह आदि समर्थक उनके साथ रहे।

# सिक्ख गुरूद्वारा कमेटी ने 6 प्रतिबद्धताएं घोषित की


**सहारनपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सिक्ख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा सहारनपुर के बैंकट हॉल में 'सेवा, सशक्तिकरण, समृद्धि' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिजनौर की सिख संगत ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर कमेटी द्वारा 6 मुख्य प्रतिबद्धताएं घोषित की गईं। 1. सिक्ख पंथ की एकता :- यूपी के सभी गुरुद्वारों को एक मंच पर लाकर सिख समुदाय को मजबूत करना। 2. मानवता की सेवा:- मेडिकल कैंप और आपदा राहत कार्यों को बढ़ावा देना। 3. शिक्षा-स्वास्थ्य:- गरीब बच्चों के लिए फ्री स्कूल और हेल्थ चेकअप कैंप लगाना। 4. सामाजिक



सद्भाव:- सभी धर्मों के साथ भाईचारा बढ़ाकर 'सरबत का भला' करना। 5. पर्यावरण संरक्षण:- पौधारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण स्वच्छता के लिए जनजागरूकता अभियान चलाना। 6. सशक्त समाज:- युवाओं को नशे से दूर कर कौशल विकास से जोड़ना।

# सरकार एनकाउंटर से इंसाफ कर रही, तो अदालतें बंद कर दो!

## उत्तर प्रदेश में मुसलमानों पर जुल्म व नाइंसाफी हो रही: ओवैसी





जनसभा को संबोधित करते सांसद औवेसी व मोबाइल की लाइट जलाकर ओवैसी का समर्थन करते कार्यकर्ता।

नजीबाबाद (चिंगारी)। ऑल इंडिया इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार में मुसलमानों पर जुल्म व उनके साथ नाइंसाफी हो रही है। उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश में भाजपा को सत्ता से रोकने के लिए किसी भी दल से गठबंधन करने को तैयार है। बीती रात नगर के कासमिया इंटर कॉलेज रोड पर आजाद चौक के निकट एक मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने आरोप लगाया कि पिछले 70 सालों से किसी भी राजनीतिक दल ने मुसलमानों को नेतृत्व नहीं दिया, केवल वोट की राजनीति व दरी बिछाने तक सीमित रखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा मुसलमानों को टिकट नहीं देती, जबकि सपा ने उन्हें गुलाम बनाकर रखा है।

उन्होंने मुसलमानों से कहा कि यदि वे केवल वोटर बनकर रहेंगे तो उनके बच्चों का भविष्य नहीं संवरेगा उन्होंने भाजपा पर सांप्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 200 साल पहले मस्जिदें थीं, थाने नहीं थे। उन्होंने कहा कि संभल की मस्जिद को शहीद कर दिया गया है, अब अन्य मस्जिदों को भी नोटिस दिए जा रहे हैं। ओवैसी ने कहा कि वह बिजनौर व नजीबाबाद में लोगों को नेता बनाने आए हैं। ओवैसी ने कहा कि वह केवल मुसलमानों की राजनीति नहीं करते बल्कि जहां भी जुल्म होता है उस पर बोलते हैं, वह बिहार में ब्राहमण युवक के एनकाउंटर पर भी काफी बोले हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में सबसे ज्यादा जुल्म व ज्यादती मुसलमानों व दलितों पर हो रही है। सरकार एनकाउंटर करा रही तो फिर देश में कानून व अदालतों का क्या काम है, इन्हें बंद कर दो। रमजान के महीने में कुछ मुस्लिम युवकों ने कश्ती में बैठकर इफ्तार कर लिया तो उन पर समुद्र में मीट फेंकने का झूठा आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कर उन्हें बंद कर दिया गया, पूरे रमजान व ईद पर भी उन्हें जमानत नहीं दी गई। कुछ हिंदू युवकों ने शराब पीकर खाली बोतल समुद्र में फेंक दी तो उन्हें अगले दिन ही जमानत दे दी गई।

जनसभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. मेहताब चौहान ने आरोप लगाया कि सपा हमेशा मुसलमानों के वोट की राजनीति करती रही है, अब उसे छोड़ने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुसलमानों के हितों की अनदेखी की है। पंडित मनमोहन ने मुसलमानों की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा, 'मैं सनातनी हूं, ओवैसी का सिपाही हूं, ईमान में विश्वास रखता हूं।' ओवैसी ने राम मंदिर में चंदा चोरी पर बोलते हुए कहा कि ट्रस्ट ने गलती की है। ट्रस्ट में मुसलमान को रख देते, उसे गोली मार देते और मामला निपट जाता। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 का चुनाव बड़ा बदलाव लाएगा। जनसभा को जिलाध्यक्ष मुफ्ती रियाज कासमी, पूर्व प्रधान आफताब आलम, नदीम कुरैशी, हाफिज नफीस, इसरार अहमद, एहसान मंसूरी आदि ने भी संबोधित किया। संचालन हकीम अब्दुल सलाम ने किया। जनसभा में साजिद चौधरी, नदीम अहमद, मुजीब जावेद, मोहम्मद आरिफ सहित जिले के काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे। जनसभा के अंत में सांसद औवेसी ने भीड़ से अपने मोबाइल की लाइट जलाकर मजालिस से जुड़ने व उसे वोट देने का संकल्प दिलाया।

### जनसभा के चलते रूट किया डायवर्ट

नजीबाबाद में आजाद चौक के पास बीती रात औवेसी की सभा के चलते जनसभा में काफी भीड़ को देखत हुए प्रशासन ने आजाद चौक हाईवे से गुजरने वाले भारी वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया।

### ओवैसी ने कार्यक्रम आयोजक आफताब अंसारी की तारीफ की

नजीबाबाद में एआईएमआईएम की जनसभा में भारी भीड़ को देखकर सांसद ओवैसी पूरी तरह से गद गद नजर आए। उन्होंने कार्यक्रम आयोजक व पार्टी के नजीबाबाद विधानसभा प्रभारी व उनकी पूरी टीम की सफल जलसे के लिए तारीफ की।

## ओवैसी द्वारा विधायक तसलीम को टारगेट करने से उनकी लोकप्रियता में इजाफा

नजीबाबाद में जनसभा के दौरान सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने अपने संबोधन के दौरान नजीबाबाद के विधायक हाजी तसलीम अहमद को टारगेट करते हुए कई बार बाकायदा उनका नाम लेकर विधायक द्वारा नजीबाबाद में 15 सालों से भाजपा का डर दिखाकर वोट हासिल करने, नजीबाबाद का विकास ना करने, मेडिकल कॉलेज यहां बनने से हाथ से निकालने, बाईपास सड़क का निर्माण कराने की बजाये रूकवाने आदि की बातें कहते हुए उन पर काफी कटाक्ष किये। ओवैसी की विधायक के बारे में बोली गई बातों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से इसकी काफी चर्चा है। विधायक हाजी तसलीम अहमद के प्रतिनिधि नितिन कश्यप ने सोशल मीडिया पर जारी किये मैसेज में बताया कि ओवैसी के देश के असली मुद्दों महंगाई आदि छोड़कर तसलीम अहमद के पीछे पड़ने से भारत के कई राज्यों में सोशल मीडिया पर लोगों ने विधायक तसलीम अहमद का नाम सर्च किया है। जिससे विधायक तसलीम अहमद की लोकप्रियता में इससे 24 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

## 'अल्लाह हू अकबर' के नारे लगवाये

नजीबाबाद में एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने जनसभा के अंत में मंच से खुद नारा-ए- तकबीर 'अल्लाह हू अकबर' का नारा बोलकर भीड़ से भी अल्लाह हूं अकबर के नारे लगवाए। औवेसी के अल्लाह हू अकबर का नारा बोलने से उनके समर्थक व मुस्लिम समाज के लोग काफी खुश नजर आए।

## औवेसी की झलक पाने को समर्थकों में दिखा जोश, पेड़ पर चढ़कर सुनी बात

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद में बीती रात एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद ओवैसी की एक झलक पाने व उनके विचार सुनने के लिए उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह व जोश दिखा। कुछ समर्थक औवेसी को बोलते हुए देखने के लिए वहां काफी भीड़ होने तथा आगे जगह न मिलने के कारण वहां खड़े एक यूकेलिप्टिस के पेड़ पर चढ़ गये। उन्होंने पेड़ की बड़ी शाखाओं पर बैठकर औवेसी को मंच पर बोलते हुए देखने के साथ उनका संबोधन सुना। जनसभा में औवेसी को देखने व उनकी एक झलक पाने के लिए लोग उतावले नजर आए।

पेड़ पर चढ़कर औवेसी की जनसभा में शामिल उनके समर्थक।



## चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने गढ़ी वाली पुलिया का ट्रांसफार्मर बदलवाया



नजीबाबाद (चिंगारी)। चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने मेंहदीबाग गढ़ी वाली पुलिया के पास के ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति की समस्या बनी होने को देखते हुए इस ट्रांसफार्मर को बदलवाया है। मेंहदी बाग के जिम्मेदार लोगों ने इस समस्या को नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म के सामने रखकर इसे हल कराने की मांग की थी। जिस पर चेयरमैन ने तत्काल ट्रांसफार्मर चेंज कराया। मेंहदी बाग के लोगों ने चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म का इसके लिए शुक्रिया अदा किया है। मेंहदीबाग के सभासदपति एडवोकेट इब्राहीम ने बताया कि 2 दिन से मेंहदी बाग में लाइट की समस्या बनी हुई थी, इसके लिए उन्होंने चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म से इस समस्या के बारे में बात कर हल कराने को कहा था, जिसका चेयरमैन ने संज्ञान में लेते हुए ट्रांसफार्मर चेंज कराया है।

## चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने भरवाए हज आजमीनों के फॉर्म



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगरपालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी हज पर जाने वाले आजमीनों के नि:शुल्क हज फॉर्म भरवाने का कार्य शुरू किया गया है। हज-2027 की यात्रा पर जाने वाले आजमीनों के लिए सोमवार से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई। हज आवेदन 29 जून 2026 से 20 जुलाई 2026 तक भरे जाएंगे। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने बताया कि वह पिछले करीब 25 वर्षों से हज पर जाने वाले आजमीनों की सेवा के उद्देश्य से नि:शुल्क हज फॉर्म भरवाने के साथ उन्हें हज यात्रा संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराते आ रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को चेयरमैन के अमाननगर स्थित फ्लैट पर पहले दिन कई आजमीनों के आवेदन पत्र भरवाए गए। उन्होंने हज यात्रा पर जाने वाले इच्छुक लोगों से निर्धारित अवधि के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कराने की अपील की, ताकि समय पर सभी औपचारिकताएं पूरी की जा सकें। इस अवसर पर सहल खान, मोहम्मद हाशिम, फराज आबिद, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद महताब, मोईन खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वस्थ उत्तराखंड से ही बनेगा समर्थ और विकसित उत्तराखंड : धामी

## मुख्यमंत्री ने किया चंपावत में अत्याधुनिक एमआरआई मशीन का लोकार्पण



**देहरादून /चंपावत (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चंपावत में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र मेंअभूतपूर्व और ऐतिहासिक सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत आई.सी.आई.सी.आई फाउंडेशन फॉर इन्क्लूसिव ग्रोथ के सहयोग से लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित अत्याधुनिक एम.आर.आई मशीन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ उत्तराखंड ही समर्थ, आत्मनिर्भर और विकसित उत्तराखंड का मुख्य आधार है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि राज्य में अस्पतालों के निर्माण के साथ उन्हें आधुनिक चिकित्सा उपकरणों, गुणवत्तापूर्ण सेवाओं और प्रशिक्षित मानव संसाधन से सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा एम.आर.आई मशीन के उद्घाटन से सीमांत क्षेत्र के लाखों लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, समय पर सटीक जांच और उच्च स्तरीय उपचार की सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस अनुपम सुविधा का लाभ न केवल चंपावत, बल्कि पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, नैनीताल तथा इसके आसपास के सभी सीमांत क्षेत्रों के नागरिकों को प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री ने पुरानी कठिनाइयों को याद करते हुए कहा कि अब तक चंपावत सहित आसपास के क्षेत्रों के गंभीर मरीजों को एमआरआई जैसी जटिल जांचों के लिए हल्द्वानी अथवा अन्य बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता था, जो गंभीर रोगियों और उनके परिजनों के लिए भारी समय, धन और मानसिक कष्ट का कारण बनता था। अब मस्तिष्क, रीढ़, नसों, जोड़ों, कैंसर और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों की उच्च स्तरीय जांच स्थानीय स्तर पर ही सुलभ होगी, जिससे समय पर जांच और समय पर उपचार सुनिश्चित होने के साथ-साथ अनेक बहुमूल्य जीवनों को बचाया जा सकेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत आनंद सिंह अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडे, ब्लॉक प्रमुख चंपावत अंचला बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सिंह सामंत, विधायक प्रतिनिधि चंपावत श्री प्रकाश तिवारी, टनकपुर श्री दीपक रजवार, प्रदेश मंत्री भाजपा अध्यक्ष श्री निर्मल महारा एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# विक्रांत बागी मौत मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार



**देहरादून (चिंगारी)।** किच्छा के चर्चित विक्रांत बागी हत्याकांड के बाद फरार बताए जा रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से दो अवैध देशी तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस की मानें तो दोनों उत्तर प्रदेश भागने की फिराक में थे। उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जिसके तहत किच्छा के लालपुर क्षेत्र में हुए विक्रांत बागी हत्याकांड में नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिप्पी सागर उर्फ राजीव सागर (उम्र 23 वर्ष) और अंकित सागर उर्फ गट्टी (उम्र 20 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के शिवनगर निवासी हैं। पूछताछ में दोनों ने सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ रील बनाकर खुद को गैंगस्टर के रूप में पेश करने की बात स्वीकारी है।

पुलिस के मुताबिक, रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी बाइक से ब्लॉक रोड के रास्ते उत्तर प्रदेश की ओर भागने की कोशिश कर रहे हैं और उनके पास अवैध हथियार भी हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल ब्लॉक रोड पर घेराबंदी कर दी। कुछ देर बाद एक बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए।

पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस के अनुसार दोनों भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि, पुलिस टीम ने पीछा कर दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान सिप्पी सागर के कब्जे से 315 बोर का एक देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस, जबकि, अंकित सागर के पास से 315 बोर का एक देशी तमंचा बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे सोशल मीडिया पर हथियारों और आपराधिक गतिविधियों से जुड़ी रील व वीडियो अपलोड कर खुद को बड़े गैंगस्टर के रूप में पेश करते थे, ताकि, क्षेत्र में युवाओं पर प्रभाव और दबदबा बना सकें।

# सिद्धबली मंदिर तक हो रही हाथियों की आवाजाही से श्रद्धालुओं में भय व्याप्त

**कोटद्वार (चिंगारी)।** लैंसडौन वन प्रभाग के जंगलों से सटे सनेह क्षेत्र के अंतर्गत ग्रास्टनगंज सहित सिद्धबली-सनेह मोटर मार्ग पर वर्तमान में हाथियों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। पिछले एक सप्ताह से हाथी शाम ढलते ही बगीचों में पहुंच रहे हैं। वहीं, सिद्धबली मंदिर परिसर तक हाथियों की पहुंच से क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं में भय बना हुआ है। हालांकि हाथियों की आमद को देखते हुए वन विभाग ने गश्त बढ़ा दी है। स्थानीय निवासी राजेश थपलियाल ने बताया कि ग्रास्टनगंज क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से हाथियों का झुंड लगातार पहुंच रहा है। शाम करीब पांच बजे से ही हाथी आम के बगीचों में आने लगते हैं जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। बताया कि हाथी सिद्धबली मंदिर परिसर तक भी धमक रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शाम के समय टहलने के लिए मंदिर तक जाते हैं और संध्या आरती में शामिल होने के बाद लौटते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर और आसपास हाथियों की मौजूदगी से किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उधर, हाथियों के झुंड तिलवाढांग चौकी और डीएफओ आवास के नीचे गिंवई सोत स्थित आम के बगीचों में भी पहुंच रहे हैं। भोजन की तलाश में हाथियों की चहलकदमी लगातार बढ़ने से आसपास के क्षेत्रों में लोगों की चिंता बढ़ गई है।

### रेंजर का कहना है-

**रेंजर विपिन जोशी ने बताया कि सिद्धबली मंदिर, ग्रास्टनगंज और गिंवाई स्रोत क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। सुरक्षा के मद्देनजर वनकर्मियों की गश्त बढ़ा दी गई है और लोगों से शाम और रात के समय आवाजाही करते वक्त सतर्कता बरतने की अपील की जा रही है।**

# रोटरी क्लब कोटद्वार की नयी कार्यकारिणी का गठन

## प्रतिभा गुप्ता बनी अध्यक्ष, बीना रावत सचिव

**कोटद्वार (चिंगारी)।** रोटरी क्लब कोटद्वार की एक बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें श्रीमती प्रतिभा गुप्ता अध्यक्ष व वीना रावत सचिव बनायी गयीं। नई कार्यकारिणी 1 जुलाई 2026 को अपना कार्यकाल ग्रहण करेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी गोपाल चन्द्र बंसल ने बताया कि वर्ष 2026-2027 की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा गुप्ता, उपाध्यक्ष विजय कुमार, सचिव वीना रावत, उपसचिव राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष धनेश अग्रवाल, सार्जेंट आर्म्स, नितिन अग्रवाल, क्लब काउंसलर वाईपी गिलरा, क्लब ट्रेनर अनीत चावला, क्लब कॉर्डिनेटर कुलदीप अग्रवाल, क्लब एडमिन शरत चन्द गुप्ता, अध्यक्ष (2027-2028) डीपी सिंह बनाये गए। इनके अलावा अमित अग्रवाल क्लब सर्विस, संजीव अग्रवाल वोकेशनल सर्विस, मनीष अग्रवाल सामुदायिक सर्विस, ज्योति स्वरूप उपाध्याय यूथसर्विस, कमल गुप्ता रोटरी फाउंडेशन सर्विस, अनिल कुमार भोला अर्न्तराष्ट्रीय सर्विस, अनुराग अग्रवाल वाटर कन्सर्वेशन सर्विस, गोपाल बंसल पब्लिक ईमेज सर्विस, सचिन गोयल सोशल मीडिया सर्विस, अशोक अग्रवाल मेम्बरचिप डवलपमेंट सर्विस, गुरूबचन सिंह डिजीज प्रिवेंशन एण्ड ट्रीटमेंट सर्विस व विपिन बक्शी व डॉ. विजय मैठानी अंगदान सर्विस के निदेशक बनाये गये। वर्ष 2026-2027 के लिये मण्डल 3100 की मण्डलाध्यक्ष पायल गौड़ होगी।

इस अवसर अध्यक्ष ऋषि ऐरन, सचिव



विजय कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश अग्रवाल, वाई पी गिलरा, विपिन बक्शी, गोपाल बंसल, अमित अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अनिल भोला, डीपी सिंह, प्रतिभा गुप्ता, वीना रावत, राजेश गुप्ता, कमल गुप्ता, नितिन अग्रवाल, डॉ. विजय मैठानी उपस्थित थे।

### रोटरी का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं : प्रतिभा

इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा गुप्ता ने क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अध्यक्ष बनना केवल औपचारिकता नहीं है बल्कि सेवा, समर्पण व सामाजिक सरोकारो के नवीन संकल्प का जीवंत उद्घोश बनकर सामने आना है। उन्होंने कहा कि रोटरी का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं बल्कि आम लोगों तक पहुंच बनाना है। नवनियुक्त सचिव वीना रावत ने क्लब की भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस वर्ष स्कूलों में कम्प्यूटर, वाटर कूलर, सैनिटरी नैपकिन मशीने देना, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, पर्यावरण, सड़क सुरक्षा सम्बंधित कार्य व अंगदान महादान पर जागरूकता करके समाज में स्थायी परिवर्तन लाने का तथा समाज में ठोस कार्य करते हुए रोटरी के उद्देश्यों को जनमानस में उतारने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।

# एमवीएम में शिक्षकों के 'इन हाउस' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में शिक्षकों के इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह गुसाईं ने सभी शिक्षकों सहित दीप प्रज्वलन एवं गुरु पूजन के साथ किया। इसके बाद विद्यालय के चेयरमैन गिरीश महाराज ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों को निरंतर सीखने, स्वयं को समयानुकूल विकसित करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण पद्धतियों, कक्षा प्रबंधन, शिक्षकों के व्यक्तित्व विकास तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य रविंद्र गुसाईं ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के ज्ञान, कौशल एवं शिक्षण दक्षता को और अधिक सशक्त बनाना है, ताकि वे विद्यार्थियों को उत्कृष्ट एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान कर सकें।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# पराग्वे ने सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए जर्मनी को किया विश्वकप से बाहर

**मैसाचुसेट्स (अमेरिका) (एजेंसी/चिंगारी)।** पराग्वे ने विश्वकप का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए चार की बार की विश्व चैंपियन जर्मनी को राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में हुए पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। फॉक्सबोरो में सोमवार रात खेले गये मुकाबले में पराग्वे के शानदार प्रदर्शन के कारण जर्मनी विश्वकप के राउंड ऑफ 32 में बाहर होने वाली पहली दिग्गज टीम बन गई। इस मुकाबले का फैसला निर्धारित समय में 1-1 से ड्रॉ के बाद पेनल्टी शूटआउट हुआ। 34वें नंबर पर काबिज पराग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत दर्ज की। जर्मनी को काई हावर्ट्ज , निक वोल्टेमाडे और जोनाथन टाह के महत्वपूर्ण पेनल्टी मिस करने का खामियाजा भुगतना पड़ा।

पराग्वे ने पेनल्टी स्पॉट से दो मौके गंवा दिए, जिससे जर्मनी को टूर्नामेंट से बाहर किया जा सकता था, जिसके बाद जोस कैनाले ने सडन डेथ में गोल किया। जूलियो एनसिसो के शुरुआती गोल को हावर्ट्ज ने बराबर कर दिया, जिसके बाद पैराग्वे ने जर्मनी को ड्रॉ पर रोक दिया। अतिरिक्त समय में वीएआर ने ताह के गोल को अमान्य घोषित कर दिया, जिससे जर्मन टीम निराश हो गई। मैच की शुरुआत में पराग्वे के जूलिया एंसियो ने 42वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद जर्मनी ने जवाबी हमला किया और 54वें मिनट में काई हावर्ट्ज के गोल से उसे सफलता मिली। स्कोर 1-1 से बराबर हो गया। पहले हाफ में जर्मनी के पास 78 प्रतिशत गेंद का कब्ज़ा था, फिर भी एनसिसो के अप्रत्याशित हमले के बाद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। पराग्वे का अगला मुकाबला चार जुलाई को फिलाडेल्फिया में राउंड ऑफ 16 में फ्रांस और स्वीडन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

Teachers Required
T.G.T.- English, Maths, Science,
PRT- Nursery Teachers All Subjects.
Atractive salary
Please Contact with your Testemonials.
between 8:AM to 12:00 Noon
From 23.6.25 to 30.6.25
St. John's School, Nai Basti B-14, Bijnor
9927979617, 9837801885

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234


खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!


कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर